


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 241 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 01 जून 2024 डाक 02 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
आईटीओ पर कथित कृत्रिम जल संकट के मुद्दे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
चिलचिलाती गर्मी से उत्तर भारत को जल्द मिलेगी राहत, दिल्ली-यूपी सहित इन राज्यों में कब होगी बारिश



**फीचर पेज**
कोल्ड ड्रिंक के बजाय गर्मियों में पिएं ये फलों का जूस, अंदर से मिलेगी ठंडक



# लू लगने से होने वाली मृत्यु पर मिलेगा चार लाख का मुआवजा, मृतक का पोस्टमार्टम कराना होगा जरूरी




**लखनऊ, 01 जून [एजेंसी]।**

प्रदेश में भीषण गर्मी व लू चल रही है। इस दौरान गर्मी से लोगों की मृत्यु भी हो रही है। लू से अगर मृत्यु होती है तो ऐसे लोगों के परिजनों को राज्य आपदा मोचक निधि से चार लाख की आर्थिक सहायता दी जा सकती है। हालांकि इसके लिए मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। लू से अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो संबंधित व्यक्ति के परिवार को यह मामला लेखपाल, तहसीलदार, एसडीएम आदि आला अधिकारी के संज्ञान में लाना और उनका प ेस्टमार्टम कराना होगा।

राजस्व विभाग ऐसे मामले में पोस्टमार्टम कराएगा और इसकी रिपोर्ट डीएम को भेजेगा। डीएम रिपोर्ट के आधार पर इससे संबंधित राहत राशि जारी करेगा। राहत आयुक्त पी गुरु प्रसाद ने बताया कि दूसरी आपदाओं की तरह लू प्रकोप से मौत में भी डीएम भुगतान के लिए अधिकृत है। अगर चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से मौत होती है तो उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत 15 लाख का मुआवजा दिए जाने की व्यवस्था है। वहीं राहत आयुक्त कार्यालय की परियोजना निदेशक अदिति उमराव ने बताया है कि समाचार पत्रों में लू से मृत्यु को लेकर प्रकाशित घटनाओं में से महोबा जिला प्रशासन ने दो और चित्रकूट ने एक जनहानि लू से होने की पुष्टि की है। इसके अतिरिक्त किसी जिले में हीटवेव से कोई भी जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है।

### लू से बचाव का हर स्तर पर हो पुख्ता इंतजाम : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भीषण गर्मी-लू का प्रकोप बढ़ने की वजह से आमजन, पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी करे। गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं हो। अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन उठाएं, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए। वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजारों, मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में



टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि सभी धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ा मंगल के दृष्टिगत लखनऊ में साफ-सफाई, ट्रैफिक व अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से होना सुनिश्चित कराएं। पशुधन और वन्य जीवों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सभी प्राणि उद्यानों, अभयारण्यों में हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। पशुपालकों को लू की स्थिति में सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम हों। गोशालाओं में पशुधन की हरे चारे-चोकर और पानी की उचित व्यवस्था हो। बरसात पूर्व पशुओं के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया जारी रखें।

### तत्काल इलाज का हो इंतजाम.....

योगी ने कहा कि अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों में लू से प्रभावित लोगों का तत्काल इलाज किया जाए। शहरों में पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए।

हैंडपंप क्रियाशील रखें, ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। गोवंश, श्वान आदि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी एवं छाया की व्यवस्था की जानी चाहिए। पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में पानी एवं दाना रखने के लिए आमजन को जागरूक करें।

## ट्रेन पर गिरा हाईटेंशन तार, कई यात्री जख्मी

**जमशेदपुर।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चांडिल-मुरी रेलखंड पर शनिवार सुबह नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन के ऊपर हाईटेंशन बिजली तार गिरने से बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में बड़ी संख्या में यात्रियों के जख्मी होने की सूचना मिली है। इनमें से एक की मौत की खबर आ रही है, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। रेलवे की टीम रेस्क्यू के लिए मौके पर पहुंची है। बताया गया कि हादसा सुइसा-तिरूलडीह स्टेशन के बीच हुआ। ट्रेन के ऊपर हाईटेंशन तार गिरने से एक बोगी में करंट दौड़ गई। इससे यात्रियों को तेज झटके लगे। हादसे में कई लोग जख्मी हो गए। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। घायलों को पास स्थित बागमुंडी हॉस्पिटल भेजा गया है। इस बारे में और विवरण की प्रतीक्षा है।

## प्रसिद्ध पूरी वाले पर कसा शिकंजा, जीएसटी के छापे पड़े



**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मालीवाड़ा चौक पर शहर के प्रसिद्ध सैंय्या जी पूरी वाले से राज्यकर विभाग ने 17.85 लाख रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी है। प्रतिष्ठान पर जीएसटी टीम करीब एक महीने से एआई टूल्स से नजर रखे हुई थी, जिसके बाद गुरुवार को दुकान और घर पर छापा मारकर जांच की गई थी। राज्यकर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1 दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि कंपाउड स्कीम की जांच के लिए एसओपी जारी किया गया है । एसओपी के निर्देश और एआई टूल्स का प्रयोग करते हुए मालीवाड़ा में कार्य कर रही फर्म सैंया जी पूरी वाले को जांच के लिए चिह्नित किया। करीब एक महीने तक जांच की गई तो पाया कि फर्म सैंय्या जी पूरी वाले द्वारा कंपाउड स्कीम में निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते हुए व्यापार किया जा रहा था।

## बम से उड़ाने की धमकी, इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, अफरातफरी मची



**चेन्नई।** चेन्नई से मुंबई जाने वाली इंडिगो को एक फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अफरा-तफरी मच गई। 6E-5314 विमान के एक क्रू को टॉयलेट में एक नोट मिला था जिसमें लिखा था कि विमान में बम है। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर लगभग पौने नौ बजे विमान कि इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालकर आइसोलेशन में भेज दिया गया। लैंडिंग के बाद विमान की जांच की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल में भड़की हिंसा, तालाब में फेंका ईवीएम तृणमूल पर लोगों को मतदान करने से रोकने का आरोप

**कोलकाता, 01 जून [एजेंसी]।**

बंगाल में शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें व आखिरी चरण के मतदान में फिर जगह-जगह से छिटपुट हिंसा की खबरें सामने आ रही है। इसी क्रम में दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुलतली इलाके में एक दुस्साहसिक घटना सामने आई है। आरोप है कि यहां एक पोलिंग बूथ पर सुबह मतदान शुरू होने के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस समर्थित बदमाशों ने स्थानीय लोगों को मतदान करने से रोका। इसके विरोध स्वरूप स्थानीय लोगों ने मतदान शुरू के 20 मिनट के भीतर ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को ही तालाब में फेंक दिया। सूचना पाकर स्थिति को संभालने के लिए जब पुलिस पहुंची तो ग्रामीणों ने



उनकी गाड़ियों के आगे पेड़ों की शाखाएं फेंककर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस घटना से इलाके में तनाव का माहौल है। यह घटना कुलतली के मेरीगंज के बूथ नंबर 40 और 41 की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तृणमूल समर्थित बदमाशों ने उन्हें मतदान करने से रोका। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों को खारिज किया है। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर से भाजपा प्रत्याशी अशोक कंडारी भी मौके पर पहुंचे।

आयोग के प्रतिनिधि भी पहुंचे हैं। उन्होंने जांच शुरू कर दी है। आयोग इस बात की जांच कर रहा है कि इस घटना को किसने अंजाम दिया। घटना के बाद वैकल्पिक ईवीएम से उक्त बूथ पर दोबारा वोटिंग शुरू हो गई है। इधर, तालाब में ईवीएम फेंकने की घटना पंचायत चुनाव में हिंसा की याद दिला रही है। गौरतलब है कि पिछले साल राज्य में पंचायत चुनाव के दौरान कुछ जगहों पर बदमाशों ने मतपेटी को पानी में फेंक दिया था।

# पिता और दादा के बाद अब नाबालिग की मां भी गिरफ्तार, ब्लड सैंपल में हेरफेर का आरोप



**पुणे, 01 जून [एजेंसी]।**

पुणे कार एक्सीडेंट मामले में नाबालिग आरोपी की मां को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मां शिवानी अग्रवाल को मुंबई से गिरफ्तार किया गया। वो फरार चल रही थीं। आरोप था कि उन्होंने नाबालिग बेटे की जगह खुद का ब्लड सैंपल जांच के लिए दिया, ताकि खून मे अल्कोहल की पुष्टि ना हो और बेटा बच न सके। हालांकि कोई चालाकी नहीं चली। इस मामले में आरोपी के पिता और दादा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। नाबालिग पर आरोप है कि उसने तेज गति से अपनी लग्जरी कार चलाते हुए दो लोगों को टक्कर मारी, जिससे उनकी मौत हो गई। दोनों युवक और युवती मध्य प्रदेश के रहने वाले थे और सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल थे। पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना की जांच से पता चला है कि किशोर के रक्त के नमूनों को उसकी मां के रक्त के नमूनों से बदल दिया गया था। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत को बताया था कि किशोर के रक्त के नमूनों का एक महिला के रक्त के साथ आदान-प्रदान किया गया था। 19 मई की घटना के बाद 17 वर्षीय नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया था। पिता विशाल अग्रवाल ने भी फरार होने की कोशिश की थी, लेकिन गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं दादा सुरेंद्र अग्रवाल पर आरोप है कि उन्होंने परिवार के एक ड्राइवर को जुर्म अपने सिर लेने के तैयार किया और कोर्ट में झूठी गवाही दिलाई।

## 72 रुपये घटे एलपीजी गैस के दाम, खुशखबरी

**दिल्ली-रायपुर, 01 जून [एजेंसी]।**

*लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग शुरू होने से पहले एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं को तोहफा मिला है। ऑयल मार्केटिंग पेट्रोलियम कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम 72 रुपये तक कम कर दिए हैं। आज 1 जून से दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर 69.50 रुपये, कोलकाता में 72 रुपये,*



*मुंबई में 69.50 रुपये और चेन्नई में 70.50 रुपये सस्ता मिल रहा है। यह बदलाव केवल कॉमर्शियल सिलेंडर में हुआ है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर पुराने रेट पर ही मिलेगा। इसके अलावा बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में भी कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट 72 रुपये तक कम हुए हैं। कोलकाता में जहां घरेलू सिलेंडर 829 रुपये का है तो कॉमर्शियल सिलेंडर आज 1 जून से 1787 रुपये में मिलेगा। इसके अलावा दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण में भी कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम कम हुए हैं।*

## गरियाबंद में एसी में गैस डालते के वक्त हुआ धमाका, मैकेनिक गंभीर रूप से घायल



**गरियाबंद।** एयर कंडीशनर (एसी) में गैस डालने के दौरान उसमें धमाका हो गया। जिसमें मैकेनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक जब मैकेनिक एसी में गैस डाल रहा था इसी दौरान वह फट गया। गर्मी के दिनों में एसी में आग और इसके फटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। एसी में धमाके से मैकेनिक के जबड़े पर गंभीर चोट लगने की जानकारी सामने आई है। गरियाबंद जिला चिकित्सालय में कल देर रात एसी में गैस डालने के दौरान एक हादसा हो गया। इस हादसे में गैस डाल रहा है मैकेनिक गंभीर रूप से घायल हो गया मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद शासकीय जिला चिकित्सालय के एसी में गैस डालते समय गैस की टंकी के फट जाने से मैकेनिक दीपेश राणा गंभीर रूप से घायल हो गया।

## झालावाड़ रोड स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी में आग लगी, दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर ट्रेनें रुकीं

**मंदसौर, 01 जून [एजेंसी]।**

मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग पर झालावाड़ रोड स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी के डिब्बे में आग लग गई। इसके चलते भवानीमंडी-कोटा के बीच रेल यातायात ठप हो गया। इससे कई एक्सप्रेस और पैसेंजर गाडियां विभिन्न स्टेशन पर खड़ी कर रखी हैं। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को कोटा तरफ जा रही मालगाड़ी के डिब्बे में झालावाड़ रोड स्टेशन पर आग लग गई। इससे भवानीमंडी से कोटा के बीच रेल यातायात ठप हो गया। कोटा की ओर जा रही मुंबई-अमृतसर गोल्डन टेंपल मेल को भवानीमंडी, स्वराज एक्सप्रेस मोड़क, हरिद्वार -बांद्रा धुआंखेड़ी, कोटा-चौमेहला डेमू दर्रा, कोटा-नागदा ट्रेन अलनिया स्टेशन पर खड़ी की गई है।



मेल, एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों के घंटों लेट होने से यात्री परेशान हो रहे हैं। कोटा से रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू करने की कोशिश में लगे हैं। मालगाड़ी में आग लगने के कारणों के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।




**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## सलमान खान पर गोलीबारी का प्लान फेल लॉरेन्स बिश्नोई गिरोह के 4 गुर्गे गिरफ्तार

### पाकिस्तानी हथियारों की होने वाली थी डील



**मुंबई, 01 जून [एजेंसी]।**

नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी पनवेल में अभिनेता सलमान खान की कार पर हमला करने की योजना बना रहे थे। इसके लिए पाकिस्तानी हथियार सप्लायर से हथियार मंगवाने की योजना थी।

नवी मुंबई पुलिस ने बताया कि लॉरेंस बिश्नोई, अनमोल बिश्नोई, संपत नेहरा, गोल्डी बरार समेत 17 से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनंजय उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नहवी, वासपी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के रूप में हुई है।

# आईटी कॉलेज में कलेक्टर और एसपी ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा

## मतगणना कक्ष में आवश्यक व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश



कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र कोरबा के मतों की गणना करने आईटी कालेज में स्थापित सीलबंद स्ट्रांग रूम 04 जून को मतगणना के दिन सुबह आब्जर्वर, रिटर्निंग आफिसर और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जाएंगे। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेंगी और आठ बजे से मतों की गणना शुरू होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने आज यहां जिला मुख्यालय स्थित मतगणना केंद्र आईटी कॉलेज झगरहा पहुंचकर 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना हेतु की गई व्यवस्था का अवलोकन किया और मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों, मतगणना अभिकर्ता के प्रवेश तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था, सेवा निर्वाचक डाक मतपत्र की गणना, टेबूलेशन आदि कार्य के संबंध में निर्देश देते हुए मतगणना कक्ष तक पहुंचने बनाये गये बेरिकेडिंग, मतगणना कक्ष, प्रेक्षक बैठक व्यवस्था, अस्थाई एनआईसी कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने परिचय पत्र के आधार पर ही संबंधित को निर्धारित स्थान में प्रवेश के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मीडया सेंटर स्थापित करने तथा टीवी, कंप्यूटर लगाने, इंटरनेट कर्नाक्टिी एवं टेलीफोन व्यवस्था के निर्देश दिए। मतगणना दिवस के पूर्व साफ सफाई, अग्निशमन, पानी टैंक की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर और एसपी ने पार्किंग व्यवस्था तथा 100 मीटर दूर प्रवेश द्वार का अवलोकन किया। इस दौरान डीएफओ कोरबा अरविंद पीएम,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, एडीशनल एस पी श्रीमती नेहा वर्मा, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, एसडीएम श्रीकांत वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# ईवीएम, वीवीपैट एवं प्रपत्रों के सीलिंग के लिए दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण'



कोरबा । कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को मतों की गणना के पश्चात, ईवीएम, वीवीपैट एवं प्रपत्रों की सीलिंग के कार्य के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे ने बताया कि वीवीपैट मशीनों के साइड में लगे एड्रेस टैगों को सावधानी से काटें। इसके पश्चात् वीवीपैट की समस्त पर्चियां निकालकर काले लिफाफे में रखे जाएं। प्रत्येक मतदान केंद्र के वीवीपैट मशीन की सारी पर्चियां काले लिफाफे में रखीं जाएं तथा लिफाफे को अच्छे से सील बंद करें। उन्होंने बताया कि सीलिंग का कार्य निर्धारित की गई टीमें करेंगी। उन्होंने बताया कि गणना के पश्चात् वीवीपैट मशीनों से सावधानी पूर्वक बैटरी निकाली जाए तथा वीवीपैट मशीनों को सील किया जाए। इसके साथ ही कंट्रोल यूनिट को भी सील किया जाए। निर्वाचन संबंधी चार महत्वपूर्ण प्रपत्र- ईवीएम पेपर्स, स्क्रूटनी लिफाफे, परिणियत लिफाफे, अपरिणियत लिफाफे को सावधानी पूर्वक सील कर सुरक्षित रखा जाए। सीलिंग प्रक्रिया के पश्चात सभी प्रपत्र एवं मशीनों को उनके निर्धारित स्थल पर ही रखा जाए। संपूर्ण प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का विशेष रूप से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान नायब तहसीलदार,एएसएलआर, पटवारी आदि उपस्थित थे।

## 04 जून मतगणना दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना तिथि 04 जून 2024 दिन मंगलवार को संबंधित मतगणना क्षेत्रों में स्थित सभी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट-बार, होटल, बार, क्लब आदि को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर श्री वसंत ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 04 जून मतगणना दिवस को षुष्क दिवस घोषित करते हुए कोरबा नगर निगम क्षेत्र में स्थित मतगणना स्थल आईटी कॉलेज क्षेत्र के देशी/विदेशी/कम्पोजिट/प्रीमियम/एफएल-3,3ए को सम्पूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु आदेषित किया है। देशी मदिरा दुकान अंतर्गत तुलसीनगर वार्ड, आईटीआई रामपुर, कोरबा, दादर, लालघाट, रूमगरा, मुड़ापार, सर्वमंगला, लाटा, गोपालपुर, गेवर, बांकीमोंगरा, भैरोताल शामिल हैं। इसी प्रकार विदेशी दुकान अंतर्गत टीपी नगर, निहारिका, कोरबा, लालघाट, मुड़ापार, लाटा, गोपालपुर, गेवरा, बांकीमोंगरा, सर्वमंगला, प्रीमियम निहारिका तथा होटल बार अंतर्गत रिशु बार कोसाबाड़ी, सेंटरपॉइंट टीपी नगर, सत्कार कोरबा, रितुराज जमनीपाली, वन नाइट क्लब टीपी नगर सम्मिलित हैं।

शेष अन्य दुकानें (06 देशी मदिरा दुकान क्रमशः रजगामार, उमरैली, पाली, हरदीबाजार, कटघोरा, दीपका 07 विदेशी मदिरा दुकान रजगामार, बरपाली, पाली, हरदीबाजार, कटघारा, दीपका, पसान एवं 01 एफएल 3 होटल बार अंजनी दीपका बार) को खुली रखने की अनुमति प्रदान की गई है।

## एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को दिया गया परफॉर्मेंस एक्सीलेंस अवार्ड

कोरबा। इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग (IIIE) द्वारा एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को परफॉर्मेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। दिनांक 31 मई 2024 को मसूरी में आयोजित 24वीं सीईओ कॉन्फ्रेंस के दौरान कोयला उद्योग में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।विदित हो कि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के प्रेरक नेतृत्व में एसईसीएल ने वित्त वर्ष 23-24 में लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन की एतेहासिक वृद्धि के साथ अपने इतिहास का सर्वाधिक 187 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने 180.5 मिलियन टन कोयला उपभोक्ताओं को प्रेषित किया जिसमें सर्वाधिक 147.8 मिलियन टन कोयला देश के विद्युत संयंत्रों को भेजा गया, यह किसी एक वर्ष में कम्पनी द्वारा पावर सेक्टर को दिया गया सर्वाधिक डिस्पैच है।

इसके साथ ही भूविस्थापितों के हितों का ध्यान रखते हुए एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने कुल 707 भूविस्थापितों को रोजगार स्वीकृत किए जो कि पिछले एक दशक में सर्वाधिक है। सीएसआर के तहत कंपनी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के ऊपर 50 करोड़ से अधिक का व्यय किया गया।एसईसीएल द्वारा सीएसआर अंतर्गत एसईसीएल के सुश्रुत योजना की शुरुआत की गई जिसके तहत छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में स्थित कंपनी के संचालन क्षेत्रों के 30 बच्चों का चयन कर उनको निशुल्क आवासीय नीट-मेडिकल कोचिंग दी जा रही है। वहीं कोयलांचल के हरित विकास को प्रगति देते हुए एसईसीएल द्वारा वर्ष 23-24 में 475 हेक्टेयर के क्षेत्र में रिकॉर्ड 10.77 लाख पौधे लगाए गए जो कोल इंडिया कि सभी अनुषंगी कंपनियों में सर्वाधिक है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर स्थगित

कोरबा । संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार जिला स्तरीय 21 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जो माह मई-जून 2024 में आयोजित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, वर्तमान में भीषण गर्मी के कारण, भाग लेने वाले नवोदित खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये जिला कोरबा में दिनांक 20 मई से 09 जून 2024 तक आयोजित होने वाली निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है।

## निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दी गहरवार को श्रद्धांजलि



कोरबा। विघटित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कोरबा के पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्व. अमरजीत सिंह गहरवार को नगर निगम कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनकी सेवाओं को याद किया गया।

आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की उपस्थिति में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने दो मिनट का मौनधारण कर स्व. गहरवार को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति व मोक्ष की कामना ईश्वर से की।

इस मौके पर निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, उपायुक्त द्वय बी.पी. त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर ए.के. शर्मा, आर.के. माहेश्वरी, एम.एन. सरकार, एन.के. नाथ, विनोद शांडिल्य, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर, लीलाधर पटेल, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर कंवर, कार्यालय अधीक्षक अरविंद वानखेड़े, उत्तम साहू, सरस देवांगन, हेमंत गभेल, दिवाकांत जायसवाल, सुभाषिनी आशावान, शांतिलाल सोनी, आनंद दुबे, कपिल श्रीवास्तव, जी.एस. चंदेल, परमेश्वर शर्मा, भावेश यादव, शंकर साहू, गंगा तिवारी, एच.डी. महंत, मनोज श्रीवास आदि सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने स्व. गहरवार को नम आंखो से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ग्रीष्म ऋतु में बाहर घूमने एवं अत्यधिक श्रम से बचें:डॉ. नागेन्द्र शर्मा



लायंस क्लब कोरबा द्वारा लायंस स्कूल में सामान्य सभा आयोजित की गयी। जिसका शुभारंभ ध्वजवंदना के साथ लायन शहनाज शेख ने कीया। उसके पश्चात क्लब की प्रशासनिक एवं सेवा गतिविधियों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात ग्रीष्म ऋतु में कैसा रहे खान-पान इस विषय पर परिचर्चा के लिए लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव, अंचल के ख्यातिलब्ध आयुर्वेदाचार्य नाड़ी वैद्य लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा जी को आमंत्रित किया गया।कोषाध्यक्ष लायन रविशंकर सिंह, पूर्व अध्यक्ष लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता) ने पुष्पगुच्छ भेंटकर लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा का स्वागत किया। उसके पश्चात लायन डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने ग्रीष्म ऋतु में कैसा रहे खान-पान इस विषय पर स्वास्थ्य जागरुकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने संबंधित विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार प्रत्येक ऋतु में विशेष तरह के खान-पान का वर्णन किया गया है जिसे अपनाकर हम स्वस्थ्य रह सकते है। भारतीय परंपरा में ऋतुचर्या यानी ऋतुनुसार आहार-विहार करने की परंपरा रही है। यह संस्कार हमें विरासत में मिला है। अभी ग्रीष्म ऋतु चल रही है। इस ऋतु में हमें अपने आहार-विहार पर विशेष ध्यान देना चाहिये। ग्रीष्म ऋतु में सूर्य अत्यधिक गर्म रहता है जो अपनी किरणों से धरती की शीतलता को सोख लेता है। जिसके कारण जल का स्तर गिरने लगता है। अत: हमे जल संरक्षण के उपाय करने के साथ-साथ अपने शरीर को स्वस्थ बनाये रखने के लिये शीतल जल (मटके अथवा सुराही) का पर्याप्त मात्रा मे सेवन करना चाहिए। जिससे शरीर में पानी की कमी न हो और हमारे शरीर का तापमान ऋतु अनुसार नियंत्रित रहे। ग्रीष्म ऋतु में हमारा पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। ऐसे में इस ऋतु में अत्यधिक तला, भुना, ज्यादा मिर्च-मसाले वाले भोज्य पदार्थों का का सेवन नहीं करना चाहिये। इस ऋतु में बाहर घूमना एवं अत्यधिक श्रम करने से भी बचना चाहिये। ग्रीष्म ऋतु में प्रातः काल का पहला भोजन जल्दी लेना चाहिये। ग्रीष्म ऋतु में मे मधुर रस युक्त भोज्य पदार्थ, बेल, नारियल, सत्तु, तरल आहार, छाछ, आम का पना, रसदार फलों और जूस का सेवन उचित माना गया है। ग्रीष्म ऋतु में दिन बड़े होने के कारण सूर्योदय से सूर्यास्त के मध्य भोजन कर लेना चाहिये। रात्रि भोजन से बचना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन मे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही क्लब अध्यक्ष लायन मीना सिंह,पीएमसीसी एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, जोन चेयरमेन एमजेएफ लायन एस.के.अग्रवाल एवं रीजन जीएसटी लायन कामायनी दुबे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में शानदार मंच संचालन लायन संतोष खरे जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नागेन्द्र शर्मा के सहयोगी देवबली कुम्भकार ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम पश्चात डॉ नागेंद्र शर्मा जी को लायन सत्येन्द्र वासन, लायन मधु पाण्डेय, लायन रामगोपाल डिक्सेना अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। देवबली कुंभकार को ला.शिव अग्रवाल, ला.नन्दकिशोर अग्रवाल, ला.रोहित राजवाड़े जी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । इस अवसर पर ला.अरविन्द साहू, ला. मनमोहन यादव, ला.ममता वासन, ला.अनिमा प्रसाद, ला.सुमन सोनी, ला.भगवती गोयनका, ला.मनोज अग्रवाल, ला.दीपक माखीजा, ला.कान्ता अग्रवाल, ला.मीना अग्रवाल, ला.सैयद फरियाद अली, ला.दीपक अग्रवाल, ला.दिनेश राठौर, ला.रमेश शर्मा एवं बड़ी संख्या में लायंस क्लब कोरबा के पदाधिकारियों तथा लायन सदस्यों ने स्वास्थ्य से संबंधित इस महत्वपूर्ण जानकारी को प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इस विशेष स्वास्थ्य परिचर्चा सत्र को रखने के लिये क्लब अध्यक्षा लायन मीना सिंह को धन्यवाद दिया ।



## पार्षद की शिकायत पर रूमगरा में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

कोरबा। शिवनगर रूमगरा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर जबरिया मकान का निर्माण किए जाने की शिकायत स्थानीय पार्षद ने आयुक्त से की थी। शुक्रवार को निगम का बुलडोजर अतिक्रमण पर चलाया गया। इस बीच अतिक्रमणकारियों का विरोध सामने आया। विरोध को दरकिनार कर तोड़ूदस्ता ने अपनी कार्रवाई की।मामला नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 42 शिवनगर रूमगरा का है। पार्षद पुराईन बाई कंवर ने मामले की शिकायत की थी। निगम आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया था कि शिवनगर रूमगरा के दशहरा मैदान सह प्राचीन शिव मंदिर परिसर में शत्रुहन प्रसाद कुर्रे पिता धनसाय के द्वारा अतिक्रमण करते हुए जबरन घर का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी सूचना नगर निगम को दी गई थी। निगम के अधिकारी द्वारा नोटिस पहुंचाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा नोटिस लेने से इनकार किया गया। पार्षद ने आयुक्त से अतिक्रमण हटाने व जब्ती करने की कार्रवाई की मांग की थी, ताकि भविष्य में उक्त स्थान पर किसी व्यक्ति विशेष द्वारा अतिक्रमण करने की कोशिश न किया जा सके। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अतिक्रमणकारियों के कब्जे पर कार्रवाई की गई। तहसीलदार कोरबा की उपस्थिति में नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

### नई दिल्ली में विशेष लोक अदालत

कोरबा । उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत'' का आयोजन उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में किया जाना है। विशेष लोक अदालत हेतु उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में लंबित राजीनामा योग्य चिन्हांकित कुल 9 प्रकरणों की सूची प्राप्त हुई है। चिन्हांकित प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत कराये जाने की संभावना तलाशने तथा उन्हें लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराया जाने का प्रयास करते हुये विशेष लोक अदालत की प्रीसिंटिंग की कार्यवाही किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है।

### विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र जारी

कोरबा । वर्ष 2024-25 में प्रदेश में संचालित शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश चयन परीक्षा की तिथि 09 जून रविवार को प्रातः 11 बजे से 02 बजे तक निर्धारित है। कोरबा जिले में चयन परीक्षा हेतु 743 फॉर्म प्राप्त हुए थे जिसमें 735 पात्र तथा 08 अपात्र पाए गए हैं। विद्यार्थी एकलव्य की वेबसाइट कउपेपवद.क्मजंपस पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों का फॉर्म रिजेक्टर किया गया है वे अपने आवेदन क्रमांक एवं पिता के मोबाइल नंबर की सहायता से कारण जान सकते हैं। पात्र विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र अपने ब्लॉक के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला/ लाफा पाली/रामपुर पोड़ीउपरोड़ा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर से कोरबा से प्राप्त कर सकते हैं।

### अकादमियों में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल स्थगित

**कोरबा** । संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं राज्य शासन द्वारा संचालित अकादमियों में प्रवेश हेतु तीरंदाजी एवं हॉकी खेल के लिये चयन ट्रायल दिनांक-05 एवं 06 जून 2024 को तथा एथलेटिक एवं कबड्डी खेल हेतु 07 एवं 08 जून 2024 को राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई, बिलासपुर में संचालित होने वाली खेल अकादमी स्व. श्री बी.आर.यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला बिलासपुर में आयोजित किया जाना था, तथा आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों का प्रवेश नवीनीकरण एवं जिला रायपुर में बालक/बालिका राज्य स्तरीय तीरंदाजी चयन ट्रायल/नवीन प्रवेश हेतु चयन ट्रायल दिनांक-03 एवं 04 जून 2024 को आयोजित किया जाना था इसे गर्मी एवं लू के कारण चयन ट्रायल स्थगित किया गया है। चयन ट्रायल की आगामी तिथि पृथक से जारी की जाएंगी।

# चिरौंजी प्रसंस्करण केन्द्र को बोहनी का इंतजार

कोरबा। जिले के वन क्षेत्रों में चार फल के पेड़ों में आ रही कमी के कारण अब चिरौंजी भी दुर्लभ उपज की श्रेणी में आने लगा है। 40 लाख की लागत से कोरबा वन मंडल कार्यालय परिसर में निर्मित चिरौंजी प्रसंस्करण केंद्र में इस वर्ष एक भी चार फल नहीं पहुंचा है। चार का दर राज्य सरकार ने 300 रूपये किलो निर्धारित किया है। इसके विपरीत खुले बाजार में 400 से 450 रूपये प्रति किलो दर से मांग होने के कारण संग्राहक समिति की जगह खुले बाजार में बिक्री कर रहे हैं।

शीतल पेय, मीठा सहित विभिन्न खाद्य सामानों का स्वाद बढ़ाने के लिए चिरौंजी उपयोग किया जाता है। खासतरौर पर मीठे में ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। चिरौंजी ड्रायफूड की भी श्रेणी में है। यही वजह है कि 1500 से 1800 रूपये किलो बाजार में चल रहा। चार का संग्रहण अप्रैल और मई माह में होता है। जिले के दूरस्थ वन क्षेत्र लेमरू, पसरखेत, कोलगा, मदनपुर आदि क्षेत्रों में सघन पेड़ थे जो अब विरल होने लगे हैं।इसकी प्रमुख वजह जंगल में हो रही अवैध कटाई को माना जा रहा। संख्या कम होने का सीधा असर उपज पर भी पड़ रहा है। एक समय था जब खुले बाजार में चार पुल खाने के लिए बिकता था। पके हुए चार फल को खाने का स्वाद अलग होता है। चार को सुखाकर चिरौंजी निकाली जाती है। वन मंडल कार्यालय परिसर में स्थित प्रसंस्करण केंद्र में चार का चिरौंजी निकालकर बाजार में बेजा जाता है ताकि संग्राहकों को सही दाम मिल सके।

राज्य वन संचालनालय की ओर से प्रति वर्ष वनोपज के तौर चार का एक निश्चित कीमत निर्धारित कर दिया जाता है। इस वर्ष 300 रूपये प्रति किलो दर निर्धारित किया गया था। यह बीते वर्ष की तुलना में 50 रूपये अधिक है। चार फल कम उत्पादन होने के कारण खरीदारों में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। वनोपज के तौर पर चार पेड़ों की संख्या जंगल में लगातार कम हो रही है।

इमारती लकड़ी के तौर पर पेड़ों की मांग होने से अवैध कटाई को बढ़ावा मिला है। सरई, गुंजा, साजा जैसे पेड़ों की अपेक्षा चार पेड़ को तैयार होने में अधिक समय लगता है। वन मंडल की ओर से चार पेड़ की रोपणी नहीं के बतौर की जा रही है। यही वजह है कि चार की तादात में लगातार कमी आ रही है।लिहाजा चिरौंजी दुर्लभ वनोपज में शामिल हो गया है। पेड़ों के संवर्धन में समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो वह दिन दूर नहीं जब चार पुल विलुप्त होने के कगार में आ जाएगा। चार संग्रहण नहीं होने की वजह से इन दिनों चिरौंजी प्रसंस्करण केंद्र में फूड प्रासेसिंग महुआ गोदाम बन कर रह गया है।पेड़ों की तादाद कम होने के कारण चार के संग्रहण को लेकर संग्राहकों में प्रतिस्पर्धा की स्थिति बनी रहती है। चार को पूरी तरह पकने के पहले ही तोड़ लिया जाता है। जिन किसानों के खेतों में चार पेड़ हैं वे भी चोरी होने की आशंका से पकने से पहले ही तोड़ाई कर लेते हैं। अधपके चार से पर्याप्त मात्रा में चिरौंजी मिल पाना मुश्किल है। इन दिनों बाजार में बेहतर क्वालिटी के चिरौंजी की कीमत 1800 रूपये किलो है। शहरों के बजाए महानगरों में इसकी मांग अधिक होने से स्थानीय प्रसंस्करण केंद्रों से चार फल गायब हो गया है।जंगल की हरियाली को समृद्ध रखने में चार पेड़ का महत्वपूर्ण योगदान है। यह वनोपज देने के साथ यह जंगल की मिट्टी कटाव को भी रोकता है। समितियों को वनोपज संग्रहण के साथ वन की सुरक्षा का भी दायित्व दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गठित समिति गांव के आसपास के ही पेड़ों की देखरेख कर पाते हैं। वनक्षेत्र में संरक्षण के लिए लगाए गए रेंजर ज्यादातर जिला मुख्यालय में ही देखे जा सकते हैं। ऐसे में जंगल के पेड़ों की गिनती लगातार कम होते जा रही है।चार फल वनोपज की श्रेणी में आने के अलावा भालू, हाथी व बंद जैसे वन्य जीवों का मुख्य चारा है। सघन जंगलों से पेड़ों की संख्या में लगातार आ रही कमी की वजह से वन्य जीव आहार से वंचित हो रही है। जंगल में चारा की कमी की वजह से ही हाथी व भालू रिहायशी क्षेत्रों में उत्पात मचा रहे हैं। वन विभाग की ओर से वन्य जीवों की तुलना में पेड़ों के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिए जाने का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## हीट वेव से ट्रांसफार्मर भी हो गया गर्म ठंडा करने विभाग ने लगाया कूलर

**जांजगीर- चांपा।** गर्मी बढ़ने से बिजली की खपत भी बढ़ गई है। भीषण गर्मी के कारण लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर भी जवाब देने लगे हैं। पिछले तीन दिनों से तापमान 46 डिग्री रहने के बाद शुक्रवार को मात्र एक डिग्री ही कम हुआ। ऐसे में शहर के बीटीआई चौक के पास के सब स्टेशन पर लगाए गए पावर ट्रांसफार्मर ओवरहीट हो जा रहा है। ऐसे में ट्रांस फार्मर को ठंडा रखने के लिए विभाग द्वारा दो कूलर लगाया गया है। ताकि ट्रांसफार्मर गर्म ना हों गुरूवार को नहर पार, लिंक रोड, चंदनिया पारा सहित अन्य इलाकों में बार - बार बिजली गुल होने लगी थी। सब स्टेशन पर 5 मेगा वोल्ट एम्पीयर पावर ट्रांसफार्मर है। इससे लिंक रोड, नहरिया बाबा मार्ग और न्यू चंदनिया पारा की ओर आबादी क्षेत्र में सप्लाई की जाती है। सामान्य दिनों का तापमान 30 से 40 डिग्री के आसपास रहता है। लेकिन गुरूवार को ट्रांसफार्मर का तापमान 85 डिग्री तक पहुंच गया था। ट्रांसफार्मर का लोड करने के लिए चांपा रोड की पावर सप्लाई को केरा रोड स्थित सब स्टेशन से जोड़ा गया। जिसके बाद बिजली गुल होना बंद हुआ। शुक्रवार को ट्रांसफार्मर का तापमान कम होकर 75 डिग्री तक पहुंचा ।

जिले में 46 डिग्री तक मौसम का तापमान पहुंच गया है। गांव सहित शहरों में लगातार इलेट्रानिक उपकरण चलने के कारण ट्रांसफार्मर ओव्हरहीट हो रहे हैं। जिससे बाहर की तापमान एवं विद्युत का दबाव के कारण ओव्हरहीट होकर ट्रांसफार्मर का बाईडिंग भी अपने ज्वाइंट को छोड़ रहा है। गर्मी के कारण सब स्टेशन में लगे ट्रांसफार्मर हीट हो रहे थे। इसलिए शहर की बिजली बंद हो रही थी । ट्रांसफार्मर का तापमान संतुलित रखने के लिए बीटीआई चौक सब स्टेशन पर पावर ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए दो कूलर लगाए गए हैं।

सौरभ कश्यप
जेई जांजगीर

# पानी नहीं दे रहे लाखों के वाटर एटीएम



**अकलतरा।** नगर में लगे वाटर एटीएम शोपीस बनकर रह गए हैं। वाटर एटीएम से पानी नहीं निकल रहा है। उपयोग नहीं होने से नगरवासियों और राहगीरों को इसका लाभ नहीं मिल पा रही है और ना ही नगर पालिका के द्वारा उसके रख रखाव के तरफ ध्यान दे रही है। फिल्टर की क्या स्थिति है, किस व्यक्ति के द्वारा इसका मेंटेनेंस किया जाता है वर्तमान में यह चालू है या नहीं इसकी भी जानकारी नगर पालिका के जिम्मेदारों को नहीं हैं भीषण गर्मी में लोग शुद्ध एवं ठंडा पानी निकालने के लिए वाटर एटीएम देखकर आते हैं पर वहां से उन्हें बिना पानी लिए वापस लौटना पडता है।

शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य सेवाटर एटीएम मशीन स्थापित की गई थी। लेकिन यहीं वाटर एटीएम अब लोगों के लिए परेशानी बन गया है। सिक्का डालने के बाद भी वाटर एटीएम पानी नहीं उगल रहा है। एक वाटर एटीएम लगाने में करीब 16 लाख रुपये खर्च किए गए है। नगरपालिका मशीन लगाने व मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपये फूंक चुका है। मगर वाटर एटीएम शो-पीस साबित हो रहीं हैं। शुरू से ही वाटर एटीएम का उपयोग नहीं हो पाया है और इसके बाद खराबी आनी शुरू हो गई। वाटर एटीएम को सुधरवाने नपा के अफसरों ने भी अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं।

शहर में लगे वाटर एटीएम लंबे समय से बंद पड़ा है। गर्मी के दिनों में राह चलते लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। नगरपालिका द्वारा एक रुपये में एक लीटर शुद्ध पेयजल देने का जो वादा किया गया था, मगर वाटर एटीएम से पानी नहीं आने के कारण लोग मजबूरन अधिक पैसों में पानी की बाटल खरीदकर पीने को मजबूर हैं। सरकार की महिती योजना का सदुपयोग नहीं हो पाने के कारण नगर वासी सुविधा से लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं। नगर पालिका के जिम्मेदारों को पहल करते हुए इसे प्रारंभ किया जाना चाहिए ताकि इसका लाभ नगरवासियों को मिल सके।

## जिला और उपजेल में क्या कुछ चल रहा प्रशासन की समिति ने यहां का जायजा लिया



**जांजगीर-चांपा।** सर्वोच्च न्यायालय के मार्ग दर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये। सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये, जहां विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर नही पाये गये। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। वह स्वयं व उसकी परिवार जेल में निरूद्ध है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा।

जेल के कर्मचारीयों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) सुश्री पूजा तिवारी, विधिक सह परीविक्षा अधिकारी सम्मेसिंह कवंर, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी वैष्णव एवं सदस्य हर्षवर्धन सिंह सामाजिक कार्यकर्ता तथा जेल अधीक्षक, टोडर एवं सतीश चन्द्र भार्गव एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार सड़क किनारे पलटी, ड्राइवर हुआ घायल

**जांजगीर।** जैजैपुर से बाराद्वार जाने वाले रास्ते पर शुक्रवार को एक कार अनियंत्रित होकर रोड किनारे पलट गई। घटना के वक्त कार पर ड्राइव ही सवार था, जिसे सामान्य चोटें आई हैं लेकिन इस हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

दरअसल जैजैपुर क्षेत्र के सेंदरी निवासी शैलेन्द्र बर्मन अपनी कार सीजी 10 एएच 7888 को लेकर बाराद्वार से जैजैपुर की ओर जाने के लिए निकली थी। इसकी समय कार का पहिया रोड किनारे बने गड्ढे में फंसकर उछला और कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे दो से तीन चक्कर खाकर पलट गई। घटना के बाद आस-पास की मदद से घायल ड्राइवर को अस्पताल भिजवाया गया।

## बस्ती के गौठान में आग लगी दो दमकल टीम ने बुझाया

**बाराद्वार।** ग्राम बस्ती बाराद्वार में स्थित गौठान में गुरुवार की दोपहर अधिक गर्मी पड़ने से पैरावट में आग लग गई। इससे गौठान में रखा पैरा जल गया। जानकारी के अनुसार वेयर हाउस गोदाम के पीछे स्थित ग्राम पंचायत बस्ती बाराद्वार के गौठान में 30 मई की दोपहर 2 बजे अचानक आग की लपटे दिखाई देने लगी। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया व 112 टीम को आगजनी की सूचना दी, जिसके बाद बाराद्वार 112 के आरक्षक विजय सांडिल्य व ड्राइवर भुवनेश्वर राठौर बस्ती बाराद्वार के गौठान पहुंचे।

उसके बाद 112 टीम ने जिला सक्ती व जिला जांजगीर चांपा के फायर ब्रिगेड को सूचना दी। 45 मिनट बाद सक्ती व जांजगीर चांपा से फायर ब्रिगेड मशीन बाराद्वार के गौठान पहुंची व एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ग्राम बस्ती बाराद्वार के गौठान से लगकर ही वेयर हाउस के बड़े बड़े गोदाम बने हुए है, जहां हमेशा लाखों टन चांवल भरा हुआ रहता हैं। गौठान में आग लगने के बाद दोनों दमकलों के समय पर पहुंचने के साथ आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा गौठान के एकदम बगल में ही स्थित वेयर हाउस के गोदामों पर आग पहुंचने से बडा हादसा के अलावा बडा नुकसान हो सकता था।

# जिला अस्पताल में कैंसर पीड़ितों को मिल रही उपयोगी जानकारी



**जांजगीर।** जिला अस्पताल में कैंसर की जांच और इलाज की सुविधा शुरू होने सेजिला सहित पांच जिलों के मरीजों को इसका लाभ मिल रहा है। कीमोथैरेपी और स्क्रीनिंग के लिए मरीजों को अब बिलासपुर रायपुर या बड़े शहरों में जाना नहीं पड़ता है। बल्कि पड़ोसी जिलों कोरबा, सक्ती, सारंगढ़ बिलाईगढ़ और बलौदाबाजार भांठापारा जिले के मरीज भी जिला अस्पताल पहुंचकर इलाज करा रहे हैं।जिला अस्पताल में स्तन कैंसर, मुख कैंसर, लीवर, गर्भाशय, यूटराइन कैंसर जैसे कई प्रकार के कैंसर के उपचार व जांच की सुविधा है। मरीजों की यहां कीमो थैरेपी और सर्जरी भी की जाती है।

आने वाले समय में जिले में मेडिकल कालेज खुलने पर यहां रेडियो थैरेपी, बायोप्सी टेस्ट की सुविधा भी शुरू करने की योजना है। जिससे मरीजों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अभी मरीजों को रायपुर या बड़े शहरों में स्थित निजी अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिला अस्पताल में वर्ष 2019 से कैंसर जांच और कीमोथैरेपी की सुविधा प्रारंभ हुई है। जिला अस्पताल के ओपीडी में वर्ष 2021 में 35 लोगों की जांच की गई थी जिसमें से 11 लोगों में कैंसर की पुष्टि हुई थी।

इसी तरह वर्ष 2022 में 182 लोगों की जांच की गई थी जिसमें 20 लोग कैंसर से पीड़ित मिले थे। वहीं वर्ष 2023 में 855 लोग ओपीडी में जांच कराने पहुंचे थे, जिसमें से 91 लोगों में कैंसर की पुष्टि हुई है। फिर भी जागरूकता की कमी के कारण ज्यादातर लोग उपचार कराने के लिए नहीं पहुंचते नहीं तो यह संख्या और बढ़ सकती है। किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तत्काल उपचार कराना चाहिए। समय पर उपचार होने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। लोगों में कैंसर के प्रति अभी भी जागरूकता की कमी है। जिला अस्पताल के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में 140 कैंसर के मरीज हैं जिनका उपचार चल रहा है। जबकि निजी अस्पतालों में जांच कराने वाले मरीज अलग हैं।

**बायोप्सी जांच की भी सुविधा**

जिला अस्पताल में मुख्य रूप से पाए जाने वाले कैंसर जैसे मुख का कैंसर , स्तन का कैंसर और गर्भाशय के मुंह के कैंसर का बायोप्सी जांच की जाती है। इससे पहले मरीजों को बायोप्सी के लिये रायपुर या बिलासपुर जाना पड़ता था। साथ ही कीमोथेरेपी की सुविधा होने से जिला अस्पताल में मुंह का कैंसर , स्तन कैंसर , गर्भाशय के मुंह का कैंसर, स्टमक कैंसर, ओवेरियन कैंसर , यूटराइन कैंसर , कोलन कैंसर , फेफडे का कैंसर , स्किन कैंसर , गले का कैंसर , लिवर का कैंसर ,किडनी का कैंसर ,प्रोस्टेट कैंसर एवं आदि आदि का इलाज संभव हो पाया है। कैंसर सर्जरी भी की जाती है। ऐसे में मरीजों को जांच और उपचार के लिए बाहर जाना नहीं पड़ता है।

**तीन साल में मिले कैंसर के 140 मरीज**

बीते तीन साल में यहां 921 लोगों ने कैंसर की जांच कराई है। इनमें से 140 लोगों में कैंसर की पुष्टि हुई है। इसमें 25 प्रतिशत मरीज मुंह के कैंसर , 21 प्रतिशत स्तन कैंसर और 10 प्रतिशत मरीज गर्भाशय कैंसर के हैं। जबकि पिछले पांच साल में 17 मरीजों की समय पर उपचार नहीं कराने की वजह से मृत्यु हो गई है। जबकि पिछले एक साल में ही आठ लोगों की जान इस बीमारी से चली गई।

जिला अस्पताल में कैंसर की जांच और इलाज की सुविधा शुरू होने से जिला सहित पांच पड़ोसी जिलों के मरीजों को इसका लाभ मिल रहा है। कीमोथैरेपी, बायोप्सी जांच और स्क्रीनिंग के लिए मरीजों को अब बिलासपुर रायपुर या बड़े शहरों में जाना नहीं पड़ता है। मरीज जिला अस्पताल पहुंचकर इलाज करा रहे हैं।

पुष्पेंद्र पटेल
नोडल अधिकारी , जिला अस्पताल

**डभरा।** भीषण गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्तव्यस्त


### फर्म में परिवर्तन की सूचना

सूचित किया जाता है कि M/S Pal Infotech जो कि एक रजिस्टर्ड फर्म है जिसमें दिनांक 24.1.2022 को दो भागीदार (1) श्रीमती कविता जैन (2) वैभव जैन हैं। जिसमें से श्रीमती कविता जैन को फर्म से हटाया जा रहा है और उसके जगह पर Rishab Jain को दिनांक 01.12.2023 से जोड़ा गया है।

भवदीय
वैभव जैन
M/S Pal Infotech
कोरबा (छ.ग.)


## प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा (कक्षा 9वीं) के लिए प्रवेश पत्र जारी

**जांजगीर-चांपा।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नवीन प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा (कक्षा 9वीं) हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा 09 जून 2024 दिन रविवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि उक्त परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र शासकीय बहुउद्देशीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 खोखरा भाठा को बनाया गया है। समस्त परीक्षार्थी जो उक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं निर्धारित तिथि व स्थान एवं समय से 1 घंटा पूर्व प्रवेश पत्र, एक रंगीन पासपोर्ट फोटो एवं पहचान प्रमाण (आधार कार्ड, छात्र परिचय पत्र आदि) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करने कहा गया है।

### छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, कोरबा

क्र. कायंको/विज्ञा./क्रय/817 — कोरबा, दिनांक : 31.05.2024

**"बिजली बन्द की सूचना"**

कार्यपालन अभियन्ता (संचालन/संधारण) संभाग, छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं. लिमि, कोरबा के दीपका (उप-संभाग) अंतर्गत आने वाले सर्व सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33 के.व्ही. लाईन के मानसून पूर्व अतिआवश्यक रख-रखाव कार्य एवं सुधार कार्य किये जाने के कारण निम्नलिखित फिडर/उपकेन्द्र में उनके समक्ष दर्शाये गये दिनांक एवं दिन के अनुसार प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर/उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| | | शनिवार | 11 के व्ही डोंगरा फीडर<br>11 के व्ही रेंक फीडर | डोंगरा, जोगीपाली, सराईसिंगार, गुमिया एवं आसपास के क्षेत्र रेकी, सुवाभोडी एवं आसपास के क्षेत्र |
| | | सोमवार | 11 के व्ही तरदा फीडर | खोडरी, रिस्दी, पाली-पडनिया, चुरैल, बाता, बिरदा, सोनपुरी,कनबेरी एवं आसपास क्षेत्र |
| | | मंगलवार | 33 के व्ही बोईदा फीडर<br>11 के व्ही कनकी फीडर<br>11 के व्ही ढुरेना फीडर | बोईदा सब स्टेशन से निकलने वाले सभी 11 के.व्ही. फीडर एवं आसपास के क्षेत्र।<br>कनकी, रंगबेल, जपेली एवं आसपास के क्षेत्र। ढुरैना, रेल्वे बस्ती, अवधनगर, गंगानगर एवं आसपास के क्षेत्र |
| | | बुधवार | 11 के व्ही डोंगरा फीडर | डोंगरा, जोगीपाली, सराईसिंगार, गुमिया एवं आसपास के क्षेत्र। |
| | | गुरूवार | 11 के व्ही हरदीबाजार टाउन फीडर<br>11 के व्ही झाबर फीडर | हरदीबाजार शहर एवं आसपास के क्षेत्र।<br>झाबर, ज्योतिनगर, सिरकी, बतारी, फूलझर एवं आसपास के क्षेत्र |
| | | शुक्रवार | 11 के व्ही बुड़गहन फीडर | पथर्री, भर्राकुड़ा, मुक्ता, जोरहाडबरी, कोरबी एवं आसपास के क्षेत्र। |
| | | शनिवार | 11 के.व्ही. कनकी फीडर<br>11 के व्ही दीपका टाउन | कनकी, रंगबेल, जपेली एवं आसपास के क्षेत्र।<br>दीपका शहर, पाली रोड, कटघोरा रोड एवं आसपास के क्षेत्र |
| | | रविवार | 33 के व्ही भिलाई बाजार (KJSL) | एच.टी.कनेक्शन (KJSL) |
| | | सोमवार | 11 के व्ही बुड़गहन फीडर | पथर्री, भर्राकुड़ा, मुक्ता, जोरहाडबरी, कोरबी एवं आसपास के क्षेत्र। |

नोट : 1. आवश्यकतानुसार समय-सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है।
2. विद्युत देयक का भुगतान समय सीमा में करते हुए विद्युत विच्छेदन जैसी अप्रिय परिस्थितियों से बचें एवं कंपनी को सहयोग प्रदान करें।

कार्यपालन अभियंता (सं/सं)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि,
कोरबा

S-40257/2

# कलेक्टर ने भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु सावधानी बरतने जिलेवासियों और अधिकारियो कर्मचारियों से की अपील



**सक्ती।** तापमान में अत्यधिक वृद्धि, भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने जिलेवासियों और अधिकारियो कर्मचारियों से अपील की है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर को जिला चिकित्सालय सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में लू से बचाव के लिए तथा अन्य आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए सभी लोगों से अपील की है।

जिलेवासियों और अधिकारियो-कर्मचारियों से अपील की गई है कि लू से बचाव हेतु पर्याप्त पानी पीए, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे-लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें। धूप में अनावश्यक बाहर जाने से बचे, नंगे पाँव बाहर न जाए, दोपहर के समय खाना पकाने से बचें, शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे, ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर से प्राप्त जानकारी अनुसार सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूजन, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आन, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लू लगने के लक्षण है। ऐसा होने वाले पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में तुरंत संपर्क करना चाहिए। उन्होंने बताया की पानी का प्रचुर मात्रा में सेवन करते रहे शरीर में हाइड्रेशन की स्थिति बनी रहे, खाली पेट घर से बाहर न निकले, मौसमी फलों का सेवन करे, शरीर में तेल लोशन आदि का प्रयोग गर्मी के समय में करने से बचे, अनावश्यक धूप में निकलने से बचे, घर में ओ आर एस का सेवन करे। मूत्र का रंग पिला होने की दशा में नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें तथा पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें।

## छत्तीसगढ़ में हमले में पूर्व जनपद अध्यक्ष की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जांजगीर जिले के रहने वाले पूर्व जनपद अध्यक्ष और ट्रांसपोर्टर की बदमाशों ने हत्या कर दी। 23 मई की रात वह अपनी कार से परिवार के साथ घर लौट रहे थे, तभी बिलासपुर-रायगढ़ नेशनल हाइवे पर बदमाशों ने पत्थर से हमला कर दिया। बुधवार को उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने लूटपाट करने के लिए पथराव किया था, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है।

जांजगीर-चांपा जिले के रेमंड परसदा निवासी बालमुकुंद वर्मा ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। 23 मई की शाम 6 बजे वे पूर्व जनपद अध्यक्ष रामचंद्र चंद्राकर और उनके परिवार के सदस्यों को लेकर तखतपुर में रहने वाले रिश्तेदार के घर गए थे।

## पालीथीन पर हुई कार्रवाई, चांपा के दुकानों में धड़ल्ले से दिया जा सामान



**जांजगीर-चांपा।** नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला में बड़े दिनों में छोटी पर कुछ कार्रवाई जरूर हुई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं पर्यावरण क्षेत्रीय अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर करवाई की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक जब्ती की कार्रवाई जिसमें मॉ प्राविजन स्टोर्स, महावीर किराना स्टोर्स, दीपक किराना स्टोर्स, मोहन दास किराना स्टोर्स कश्यप होटल, किशन लाल, पवन कुमार किराना स्टोर्स नैला कमल किराना स्टोर्स में प्लास्टिक जब्ती की कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 2 किलो ग्राम प्लास्टिक जब्ती सहित 3000 रुपए जुर्माना की राशि वसूल की गई। इस कार्रवाई में नगर पालिका के कर्मचारियों सटिन पर्यावरण क्षेत्र अधिकारी ने शहर के सभी दुकानों कर कार्रवाई की है। इस दौरान अधिकारियों की कार्रवाई को लेकर व्यवसायियों में हड़कंप मच गया था। लोग अधिकारियों को आते देख पन्नी को छिपा रहे थे।लेकिन चांपा में अधिकारी सुस्त है ऐसा लगता है कि पालीथीन प्रतिबंधित है ये भूल तो नही गए।यही कारण है कि चांपा के लगभग सभी दुकानों में पालीथीन का उपयोग बेधड़क किया जा रहा है।पालीथीन का उपयोग कर उसे फेक दिया जाता है इससे कचरा और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।देखना होगा कि अब चांपा नगर पालिका के अधिकारी जागते है या जैसा चल रहा वैसा ही रहेगा।

## बदमाशों ने लाठी-डंडे से दुकानदार को पीटा

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में शुक्रवार को 10-15 नकाबपोश बदमाशों ने एक दुकानदार पर हमला कर दिया। दुकान में घुसकर बदमाशों ने उसे लाठी-डंडे से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद दुकान में जमकर तोड़फोड़ भी की। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, यशपाल राठौर की शारदा चौक के पास फाल-सीलिंग के सामान की दुकान है। शुक्रवार दोपहर में कुछ नकाबपोश लोग पहुंचे और गाली-गलौज के बाद उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए तो बदमाश भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई।

पुलिस को यशपाल सिंह राठौर ने बताया कि 2 दिन पहले उसने रेलवे स्टेशन के पास बाइक खड़ी की थी। जब वह लौटा तो बाइक नहीं मिली। इस पर रेलवे स्टेशन के चौकीदार गिरधारी राठौर ने बताया कि अमन दुबे के पास गाड़ी है। बताया जा रहा है कि अमन ने गाड़ी चोरी की थी।यशपाल ने बताया कि जब अमन से बात की तो वह गाड़ी वापस करने में आनाकानी करने लगा। इस पर यशपाल ने थाने में शिकायत कर दी। इसके तीन दिन बाद उसे अमन ने गाड़ी लौटा दी। आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने पर अमन ने ही अपने साथियों के साथ उस पर हमला कर दिया। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में 10-15 नकाबपोश लोगों ने कृष्णा फाल्स सीलिंग दुकान में घुसकर दुकानदार को लाठी डंडे से पीटा है।

# कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में राजनीतिक दलों की ली बैठक

**सक्ती ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी परिसर नंदेलीभांठा सक्ती में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभा सक्ती चंद्रपुर और जैजैपुर के क्रमश: 237, 262 और 270 मतदान केंद्रों की मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तोपनो ने बताया कि मतगणना स्थल पर कैल्कुलेटर, लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, स्मार्ट वॉच व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण तथा पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेगा।

मतगणना दिवस को गणना अभिकर्ताओं को गणना कक्ष में प्रवेश के लिए पहचान पत्र के साथ अपना स्थायी पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, एपिक कार्ड आदि भी साथ लेकर आने कहा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा सक्ती-35 में 17 राउंड, विधानसभा चन्द्रपुर-36 में 19 राउंड, विधानसभा जैजैपुर-37 में 20 राउंड में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सक्ती-35, चंद्रपुर- 36 और जैजैपुर-37 के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाने हैं। डाक मतपत्र की गणना शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पेण्ड्रीभांठा जांजगीर में होगी। मतगणना स्थल पर मतगणना दिवस को धारा 128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का पालन मतगणना में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अभ्यर्थी, अभिकर्ताओं को करना होगा।

जिन गणना अभिकर्ता की नियुक्ति जिस गणना कक्ष के लिए हुई है उसी गणना कक्ष में बैठना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही बैठक में अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरूण सोम, सक्ती एआरओ के एस पैकरा, एनआईसी प्रभारी ऋषि रॉय, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गबेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अनमोल वचन......

**अपनो का साथ बहुत आवश्यक है**
**सुख है तो बढ़ जाता है और दुःख हो तो बंट जाता है!**

# दबावकारी नीति का विरोध

*आक्रमण के कारक अमन कराने में उतनी चुस्ती-फुर्ती से कारगर नहीं होते। इससे युद्ध लंबे-लंबे और भयावह होते गए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के ही डेढ़ साल हो गए हैं तो सात महीनों से फिलिस्तीन और इस्राइल के बीच घमासान जारी है। दोनों मामलों में विराम कोसों दूर है। फिलिस्तीन से इस्त्रइल की पिछले महीने युद्ध विराम वार्ता सह समझौते की तारीख रद्द हो गई थी। अब इसी हफ्ते का नया दिन मुकर्रर हुआ है। यह राहत की बात है। अमेरिका की निगहबानी में मिस्त्र और कतर इसकी अगुवाई करेंगे। फिलिस्तीन की मांग है, इस्त्रइल तत्काल जंग रोके। उसकी तबाह-बरबाद बड़ी आबादी के लिए वैश्विक राहत-पुनर्वास कार्य चलाने दे और फिलिस्तीन राष्ट्र का स्थायी समाधान करे। वहीं तेल अबीब का कहना है कि हमास के आतंकी हमले रोकने की स्थायी गारंटी दें और उसके नागरिक-सैनिक बंधकों को बिना शर्त रिहा करे, गाजा-पट्टी को मुक्त क्षेत्र रहने दे। इन्हें मानने में हर्ज ही क्या है। इस आम ख्याल के विपरीत, अंतिम नतीजे मिलने में कई पेच हैं। फिर भी जंग कुछ दिनों के लिए ही सही, रोकी जा सकती है और बंधकों की रिहाई एवं राहत-पुनर्वास कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा सकते हैं। पर 'जंग चलती रहेगी और बंधक रिहा भी होंगे' कि इस्त्रइली उम्मीद को पस्त हुआ फिलिस्तीन मानने की स्थिति में नहीं है। इसलिए हमले के जवाब में जोरदार हमले हो रहे हैं। बेंजामिन नेतन्याहू की इस दबावकारी नीति का विरोध उनके अपने घर में हो रहा है। खास कर तीन बंधकों के शव मिलने के बाद बाकी को जिंदा छुड़ाने के मुद्दे पर इस्त्रइली सड़कों पर हैं। यह स्थिति इसके बावजूद है कि इस्त्रइली हमले में 35 हजार से भी अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इसने पूरे विश्व को सिहरा दिया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का नेतन्याहू को तत्काल जंग रोकने और उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश इसी संदर्भ में है। वार्ता पर नई रजामंदी-जंग के बीच ही सही-नेतन्याहू पर बन रहे इसी दबाव को जाहिर करता है। अंतरराष्टीय परिस्थितियां भी इसी तरफ बढ़ रही हैं। संयुक्त अरब अमीरात एवं बहरीन के दोस्त हो जाने के बावजूद हाथ मिलाते-मिलाते रह गए सऊदी अरब के प्रिंस ने यूरोपियन यूनियन के विदेश मंत्रियों के बीच साफ कर दिया है कि द्वि-राष्ट्रवाद ही समस्या का स्थायी समाधान है। भारत कब से इसी शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का पैरोकार रहा है।*

## राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन आपके जीवन में नई खुशी लेकर आएगा। व्यापार में निवेश के लिए आज पूरा दिन आपके पक्ष में रहेगा। घर में किसी बड़ी खुशखबरी से परिवार के माहौल में उत्साह रहेगा। छात्रों को पढ़ाई के मामले में लापरवाही से बचना चाहिए, थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलाने के योग बने हुए हैं।

**वृष राशि**-आज आपके दिन की शुरुआत नई उमंगों के साथ होगा। घर के लोगों में आपसी तालमेल बना रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्र आज अपने सीनियर्स से प्रोजेक्ट को पूरा करने में मदद लेंगे।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आपको बहुत खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके परिवार के लिए खुशियाँ लाएगा। आज ऑफिस में आपका प्रोमोशन होगा। ब्यूटी पार्लर का काम कर रहे लोगों को आज किसी कस्टमर से अच्छा मुनाफा होगा। रिश्तेदारों से आपकी आज फोन पर लंबी बात होगी। मां अपने बच्चों की मनपसंद डिश बनाएंगी।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। विद्यार्थियों का आज पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपके जीवन में खुशी बनी रहेगी। फ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज किसी सभा में शामिल हो सकते हैं। परिवार के साथ बाहर घूमने जाने का मन बनाएंगे।

**कन्या राशि**-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। बिजनेस में आज अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपको कार्य करने का तरीका सिखाएगी। आज दूसरों को समझाने से पहले खुद की कमियों को देखें। आज आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा, पूजा पाठ का कार्यक्रम करवा सकते हैं।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लाने वाला है। आज आपको अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज आप नए काम करने का मन बनाएंगे। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन का विचार करेंगे। आज आप नया घर खरीदने का प्लान बनाएंगे।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूढेंगे। लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों को रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। घर के किसी सदस्य को सफलता मिलने से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। नकारात्मक सोंच वाले व्यक्तियों से आप दूरी बना कर रखें।

**धनु राशि**-आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। आप को अपने बड़ों से आशीर्वाद मिलेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन उर्जा से भरपूर रहने वाला है। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका पाएंगे।

**मकर राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कुछ दिन पहले जॉब के लिए किये आवेदन का आज अच्छा रेस्पोंस आएगा। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा जिससे अच्छा लाभ होगा। विद्यार्थी आज नया एक्सपेरिमेंट करेंगे। आज आपका मन शांत रहेगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में आएगा।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बड़ों की सलाह से बिजनेस को नए रास्ते पर लाने का प्रयास सफल होगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। आज आप गाड़ी चलाना सिखने का मन बनाएंगे। आज किसी काम में अपनों की मदद मिलेगी जिससे काम आसान हो जाएगा।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। घर में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। लोहे का कारोबार कर रहे लोगों की सेल में आज बढ़ोत्तरी होगी।

# बुनियादी इकाई बनाना बहुत जरूरी

//भारत डोगरा//

**आधुनिक समाजों की एक विसंगति यह है कि एक ओर अति सफल, अति संपन्न और विख्यात कुछ व्यक्तियों की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो अपने को उपेक्षित और हाशिए पर धकेला हुआ महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति से हट कर हमें यथासंभव ऐसी राह निकालनी चाहिए जहां अधिक से अधिक व्यक्ति अपनी प्रगति की ऐसी राह अपनाएं जो पूरे समाज की प्रगति से जुड़ती हो। इस के लिए जो एक बहुत बुनियादी जीवन-मूल्य चाहिए, जो बहुत महत्त्वपूर्ण होते हुए बहुत सरल भी है। वह यह है कि हम कभी भी दूसरों को दुख देने का कुप्रयास न करें तथा यथासंभव दूसरों के दुख-दर्द कम करने का ही प्रयास करें। बेशक, दूसरों का दुख-दर्द कम करने की हमारी क्षमता बहुत सीमित हो सकती है, पर इस सीमा के बीच हम दूसरों का दुख-दर्द कम करने का प्रयास जरूर करें।**

इसके लिए अपनी क्षमताएं विकसित भी करें। इस बारे में कोई भी व्यक्ति यदि बहुत सावान रहता है कि मुझे किसी को दुख नहीं पहुचाना है, तो वह अपने वाणी, कार्य, सोच को, इस तरह ही अनुशासित करता है, ढालता है। इस तरह अधिक से अधिक लोग प्रयास करते रहें तो बहुत से व्यक्ति स्वयं बेहतर इंसान बनते रहते हैं, और पूरा समाज भी बेहतर बनता रहता है। इससे जुड़ा हुआ दूसरा जीवन-मूल्य है कि हम सभी मनुष्यों की बहुत बुनियादी समानता में विास रखें तथा शर्म, जाति, क्षेत्रीयता, राष्ट्रीयता तथा लिंग आधारित भेदभावों से ऊपर उठकर इंसानियत की सोच या विश्व के सभी लोगों की बराबरी और सम्मान की सोच पर आधारित जीवन जिएं तथा इस तरह की राह बहुत से लोगों की सम्मिलित सोच को विश्व स्तर पर अमन-शांति की सोच से जोड़ें। इस सोच में तरह-तरह की दुश्मनियों, वैर-द्वेष और भेदभाव को जीवन भर पाले रखने का कोई अर्थ नहीं है और यदि ऐसी कोई संकीर्ण सोच पहले से है तो इससे चिपटे रहने के स्थान पर इससे बाहर निकल कर इंसानियत की सोच, सभी लोगों को समता और गरिमा की सोच को अपनाने में ही प्रगति है।

तीसरा जरूरी जीवन-मूल्य ईमानदारी है, जिसके साथ यह भी जरूरी है कि मनुष्य अपनी मेहनत की कमाई से ही संतुष्ट रहे और बेईमानी, हर तरह के जुए, दूसरों के हक छीनने की प्रवृत्ति से दूर रहे। विभिन्न अपराधों से अपने को दूर रखना व जो टैक्स देने हों उन्हें समय पर देना भी जरूरी है। ईमानदारी का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष है कि अपने विभिन्न रिश्तों में भी ईमानदारी अपनाना और धोखा देने का कुप्रयास कभी न करना। इससे जुड़ी हुई बात है कि मनुष्य को फिजूलखर्ची और भोग-विलास से बचना चाहिए। अपनी सभी जरूरतों को पूरा करना, कुछ आराम के साधन जुटाना, कठिन समय के लिए कुछ बचत करना-यह सब तो उचित है पर भोग-विलास पर अधिक खर्च करना अनुचित है। ऐसा करने पर पर्यावरण की भी क्षति होती है और समाज के अधिक जरूरतमंद लोगों का हक छिनता है। यदि मनुष्य फिजूलखर्ची से बचेगा तो अपनी जरूरतों को पूरा करने के बाद जो धन उसके पास बचेगा उसका उपयोग वह सार्थक सामाजिक कायरे के लिए कर सकता है। जैसे निर्धन लोगों की सहायता करना, पर्यावरण रक्षा के कार्य करना आदि। विशेष तौर पर सभी तरह के नशे से अपने को दूर रखना जरूरी है क्योंकि विभिन्न तरह के नशे व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर तबाही की प्रमुख वजह है। शराब, तंबाकू, गुटखे, सिगरेट-बीड़ी, तरह-तरह के ड्रग्स सभी से दूर रहना जरूरी है। शराब की तबाही सबसे अधिक है और शराब से दूर रहना बहुत जरूरी है। आधुनिक तकनीकी ने जीवन में बहुत कुछ नया प्रवेश कर दिया है, और लोग इसमें मस्त हो गए हैं, रम गए हैं। कोई दिन भर फोन से चिपका है, तो कोई कंप्यूटर से। इस स्थिति में यह समझ बहुत जरूरी है कि किसी आधुनिक तकनीक या उपकरण के उपलब्ध होने का अर्थ यह नहीं है कि उसे अपने पर हावी होने दिया जाए। अपने जीवन की सही प्राथमिकताओं को बनाए रखते हुए विभिन्न नई तकनीकों और उपकरणों का सीमित उपयोग ही करना चाहिए और इनसे होने वाली हानि के प्रति भी सावधानी से दूर रहना चाहिए।

परिवार समाज की सबसे बुनियादी इकाई है और परिवार की भलाई से निरंतर जुड़े रहना, परिवार की बुनियादी इकाई को न्याय आधारित मजबूती देना, परिवार का मानवीय सहयोग और आपसी सहायता, सुख-दुख के साथ की बुनियादी इकाई बनाना बहुत जरूरी है। परिवार एक जीवन-आधार भी है और शिक्षा संस्थान भी है। परिवार की सही स्थिति और सहयोग के आधार पर ही मनुष्यों को समाज में व्यापक स्तर पर उपयोगी भूमिका निभाने में बहुत मदद मिलती है।इसी तरह आस-पड़ौस में नजदीकी समुदाय से बेहतर संबंध बनाना और उसकी भलाई में न्यायोचित सहयोग देना, विभिन्न मित्रता के संबंधों को निभाना और समाज की भलाई से जोड़ते हुए आगे ले जाना भी महत्त्वपूर्ण है। आठवीं आवश्यकता यह है कि परिवार में और परिवार के बाहर अधिक व्यापक सामाजिक स्तर पर महिलाओं को उचित सम्मान दिया जाए, उनसे उचित और गरिमामय व्यवहार हो तथा उन्हें अपनी प्रतिभाओं के अनुकूल प्रगति के उचित अवसर मिलें। पुरुषों के उनसे संबंध न्यायसंगत, समानता और सहयोग के होने चाहिए न कि आधिपत्य और अपना स्वार्थ साधने के। विशेष ध्यान देने की बात है कि महिलाओं के प्रति हिंसा और दमन को समाप्त करने को घर और समाज, दोनों स्तरों पर उच्च प्राथमिकता मिले।

व्यापक सच्चाई तो यह है कि कई तरह के हिंसक कार्य को ही नहीं अपितु हिंसक सोच को भी समाप्त करने का नियंत्रित और अनुशासित प्रयास सभी मनुष्यों की प्रगति के लिए आवश्यक है। इस तरह के प्रयास व्यापक स्तर पर होंगे तो समाज, राष्ट्रों और विश्व स्तर पर अमन-शांति की स्थिति अपने आप बेहतर होगी, अमन-शांति के लिए एक मजबूत बुनियाद तैयार होगी। अंतिम और बहुत बुनियादी बात यह है कि नैतिकता की कसौटी पर अपनी सोच और अपने कायरे को परखते रहना सभी मनुष्यों के लिए बहुत जरूरी है। जब अधिकांश मनुष्य यह सोचने लगते हैं कि मुझे केवल अपने हित का ख्याल नहीं रखना है, दूसरों के हित का भी ख्याल रखना है, मुझे जाने-अनजाने ऐसे कार्य नहीं करने हैं जिनसे समाज की क्षति होती है तो इस राह पर चलते हुए ही व्यक्तिगत प्रगति और पूरे समाज की प्रगति में परस्पर सामंजस्य एकता स्थापित होने लगती है। यदि इन सभी दस सिद्धांतों को ध्यान में रखा जाए तो व्यक्तिगत प्रगति की राह और सामाजिक प्रगति की राह बहुत कुछ एक सी होने लगती है, व्यक्ति का अपना विकास समाज के व्यापक विकास से जुड़ जाता है। जहां तक संभव हो इस आदर्श स्थिति के नजदीक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए।

# हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे

//योगेश कुमार गोयल//

**जीव-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति धरती के अभिन्न अंग हैं, लेकिन मनुष्य ने अपने स्वाथरे तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को उजाड़ा, बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम कहा जाता है, लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं, या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनिया भर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।**

यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलाप तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनिया भर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हिन्दी अकादमी, दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है।

दरअसल, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख-भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है।

हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौंदर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक आश्रय स्थल के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव-विविधता के मुद्दे पर लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसम्बर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। दरअसल, 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव-विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। इस वर्ष यह दिवस 'योजना का हिस्सा बनें' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अपने ग्रह की जैव- विविधता को संरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं। धरती पर पेड़-पौधों की संख्या तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि इस ओर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के दौर में पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो। दरअसल, बढ़ती आबादी तथा बढ़ते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रोतों तक को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन असंभव है। अगर खेतों में कीटों को मारकर खाने वाले चिड़िया, मोर, तीतर, बटेर, कौआ, बाज, गिद्ध जैसे किसान हितैषी पक्षी-पखेरू तेजी से लुप्त होने के कगार हैं, तो समझ लेना चाहिए कि हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे हैं। जैव-विविधता की समृद्धि ही धरती को रहने तथा जीवन यापन के योग्य बनाती है, इसलिए लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

# 88 वर्षीय महिला ने अपना महल बेच दिया क्योंकि 'रोज़ाना 600 सीढ़ियाँ चढ़ना थका देने वाला है'

महल में रहना किसे पसंद नहीं होगा। इसका उत्तर हमें चौंका सकता है। उदाहरण के लिए, बूढ़े और बीमार लोगों को महल शत्रुतापूर्ण स्थान लग सकते हैं। स्कॉटलैंड में एक 88 वर्षीय महिला ने हाल ही में चार दशकों से अधिक समय तक एक महल में रहने और उसकी देखभाल करने के बाद यही पाया। महिला को महल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि विशाल इमारत की 600 सीढ़ियाँ उसके घुटनों के लिए बहुत बड़ी साबित हो रही थीं। जबकि वे महल में नहीं रहते होंगे, कलकत्ता के अपार्टमेंट में रहने वाले बुज़ुर्ग, जिनमें लिफ्ट नहीं है, निश्चित रूप से स्कॉटिश महिला के साथ सहानुभूति रखेंगे। चाहे वह महल हो या दक्षिण कलकत्ता का फ्लैट, आविष्कार के रूप में लिफ्ट के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि जिन लोगों ने लिफ्ट के शुरुआती मॉडल का बीड़ा उठाया, जैसे हेनरी, वे भी महल में रहते थे। मैं बंगाल क्लब में फैबियन चार्टियर के व्याख्यान और द टेलीग्राफ के उस पर लेख



(टैगोर के फ्रांसीसी संबंध का प्रभाव, 22 मई) से काफी प्रभावित हुआ। रवींद्रनाथ टैगोर ने कई देशों के लेखकों, कवियों और बुद्धिजीवियों को प्रभावित किया और ठाकुरबाड़ी का सांस्कृतिक माहौल निस्संदेह फ्रांस की ओर खुलने वाले झरोखों का पक्षधर था। मुझे 1996 में चार्ट्रस की यात्रा के दौरान अपने अनुभव की याद आती है। अंग्रेजी बोलने वाली गाइड मैरी-चैंटल मैनसेट भारतीय संस्कृति में बेहद रुचि रखती थी और सितार बजाना सीख रही थी। वह टैगोर के गीत सुनने के लिए उत्सुक थी, भले ही वह उनकी भाषा नहीं जानती थी।

मैंने उसे अपने पति स्वप्न गुप्ता द्वारा रवींद्र संगीत की एक कैसेट भेजी। बाद में, जब मैंने लंदन से उसे फोन किया, तो वह प्रशंसा से भरी हुई थी और उसने कहा कि वह शब्दों को न समझने के बावजूद भी भावुक हो गई थी। मैंने उसे गीतों का केवल एक सारांश भेजा था। भावपूर्ण प्रस्तुति ने उसके जीवन को छू लिया था और उसने टैगोर के बारे में स्वप्न गुप्ता के साथ लंबी बातचीत की थी। उसने मुझे एक लंबा पत्र भी लिखा था जिसमें उसने वैश्विक कवि की रचनाओं के प्रति अपना ऋष्टा स्वीकार किया था जिसे उसने पढ़ना शुरू कर दिया था। मैं आश्चर्य में कवि के सामने अपना सिर झुकाता हूँ।

## तस्वीरों की दुनिया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के राजदूत जू फेइहोंग से परिचय पत्र स्वीकार किया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति में तिरुपति मंदिर में पूजा-अर्चना की।



आईटीओ पर कथित कृत्रिम जल संकट के मुद्दे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



नागपुर में भीषण गर्मी के बीच चलती एक महिला।



भीषण गर्मी के बीच एक महिला अपने बच्चे के साथ।



नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित विवेकानंद कॉलोनी में जल संकट के बीच टैंकर से पानी भरते निवासी।

# चिलचिलाती गर्मी से उत्तर भारत को जल्द मिलेगी राहत, दिल्ली-यूपी सहित इन राज्यों में कब होगी बारिश

**नईदिल्ली, 01 जून [एजेंसी]।**



अरब सागर से चलने वाली नमी युक्त हवाएं दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत की तपती धरती के लिए राहत लेकर आने वाली हैं। पाकिस्तान सीमा पर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से जम्मू-कश्मीर एवं उत्तराखंड में ओलावृष्टि के असर से मैदानी क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में कमी तो अभी से आने लगी है और अगले दो से तीन दिनों में हीट वेव (लू) की स्थिति से भी मुक्ति मिल जाएगी।मौसम विभाग (आईएमडी) का मानना है कि शनिवार एवं रविवार को पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली में वर्षा हो सकती है। इससे तापमान एकदम से गिरेगा और सप्ताह भर तक प्रचंड गर्मी से राहत मिल सकेगी। इस दौरान मानसून तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और शुक्रवार को उत्तर-पूर्व के सभी राज्यों में छा गया। अगले पांच दिनों तक इस हिस्से में भारी वर्षा जारी रह सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दक्षिण-पूर्व में मानसून के आगमन एवं उत्तर-पश्चिम में अरब सागर की नमी युक्त हवा एवं बारिश के असर से पूरे देश के तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट आएगी। अरब सागर में चक्रवात की स्थिति बनने के कारण समुद्र की नमी लेकर हवा पश्चिम से पूर्व की ओर बहने लगी है। इसके चलते राजस्थान में मौसम का मिजाज एकबारगी बदलने लगा है। शुक्रवार को भी उत्तर-पूर्वी राजस्थान एवं हरियाणा के पश्चिमी हिस्से में आंधी के साथ वर्षा हुई। निजी एजेंसी स्काइमेट ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि शनिवार से हरियाणा के अन्य हिस्सों के साथ-साथ पंजाब, दिल्ली एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी वर्षा हो सकती है, जिससे प्रचंड गर्मी से झुलस रहे इस बड़े हिस्से को हीटवेव से राहत मिल जाएगी। एनसीआर से सटे राजस्थान के जयपुर एवं भरतपुर क्षेत्र में 40-50 किमी प्रतिघंटे की गति से हवा चलने का अनुमान है। बारिश भी हो सकती है।

इससे आसपास के तापमान में तेजी से गिरावट आएगी और उत्तर-पश्चिमी हिस्से को हीट वेव से पूरी तरह मुक्ति मिल जाएगी। हालांकि उसके बाद तापमान में वृद्धि होने की आशंका जताई गई है। आईएमडी के पूर्वानुमान से एक दिन पहले केरल में प्रवेश करने वाला मानसून अपनी रफ्तार में है। अगले कुछ घंटों में ही पूर्वोत्तर के राज्यों में पूरी तरह छा गया। बंगाल के भी बड़े हिस्से तक पहुंच गया। हालांकि, इस दौरान केरल में वर्षा की गतिविधियों में कुछ कमी आई है, लेकिन पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश जारी है।अब तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में भी बारिश जोर पकड़ने वाली है। इस बार अलनीनो धीरे-धीरे खत्म हो रहा है और ला नीना आ रहा है, जिसे भारतीय महाद्वीप में वर्षा के लिए अच्छा माना जाता है।

## देश के इस राज्य में एक ही दिन में रिटायर हो गए 16 हजार से अधिक सरकारी कर्मचारी

**तिरूअनंतपुरम, 01 जून [एजेंसी]।**

केरल में 31 मई को 16 हजार से अधिक सरकारी कर्मचारी



सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त होने वालों में राज्य सचिवालय समेत विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्यरत चिकित्सक, पुलिस अधिकारी, शिक्षक, क्लर्क, चालक, चपरासी और अन्य लोग शामिल हैं। गत वर्ष भी 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की संख्या 11 हजार 800 थी। केरल राज्य में सेवानिवृत्ति की उम्र 56 वर्ष है और रोचक बात है कि एक ही दिन में इतनी बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति का कारण दशकों पूर्व उनके माता-पिता द्वारा स्कूल में प्रवेश के समय दर्ज कराई गई जन्म तिथि है। हालांकि, नकदी संकट से जूझ रही पिनराई विजयन सरकार के लिए 16 हजार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त नौ हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था करना मुश्किल होगा। आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी एबी वेंकटेश्वर राव को सेवानिवृत्ति के दिन सेवा में बहाल किया गया। पिछली तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सरकार में राज्य खुफिया प्रमुख के रूप में सेवारत वेकेंटश्वर राव गत आठ फरवरी 2020 से निलंबित थे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें मई 2020 में बहाल किया गया और मुद्रण-लेखन सामग्री आयुक्त बनाया गया। हालांकि कुछ दिन बाद आपराधिक जांच लंबित होने के कारण फिर निलंबित कर दिया गया।

## गोवा में लिविंग विल को सहमति देने वाले पहले शख्स बने हाई कोर्ट के जज



**पणजी, 01 जून [एजेंसी]।**

बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश एमएस सोनक ने यहां एक समारोह में इंड ऑफ लाइफ केयर (ईओएलसी) वसीयत को अपनी सहमति दे दी। इसके साथ ही गोवा एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव्स (एएमडी) सुविधा शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।इंड आफ लाइफ केयर नीति उन लोगों को दी जाने वाली देखभाल है, जिनकी मौत करीब होती है। बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ में कार्यरत न्यायाधीश लिविंग विल के नाम से प्रचलित वसीयत को सहमति देने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। लिविंग विल वास्तव में एक दस्तावेज है, जिसमें कोई व्यक्ति यह बताता है कि वह जीवन के अंतिम समय में किस तरह का इलाज कराना चाहता है। यह वास्तव में इसलिए तैयार किया जाता है, ताकि गंभीर बीमारी की हालत में अगर व्यक्ति खुद फैसले लेने की हालत में न रहे तो पहले से तैयार दस्तावेज के हिसाब से उसके बारे में फैसला लिया जा सके।

पणजी के निकट हाई कोर्ट परिसर में आयोजित समारोह में डा. संदेश चोडाणकर और दिनेश शेट्टी गवाह के तौर पर जबकि गोवा सेवा निदेशालय की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मेधा साल्कर राजपत्रित अधिकारी के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर जस्टिस सोनक ने राज्य में एएमडी के क्रियान्वयन को संभव बनाने वाले सभी पक्षकारों को बधाई दी।उन्होंने कहा कि इसके साथ ही गोवा देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप लिविंग विल सुविधा को अक्षरश- लागू किया है। उन्होंने लोगों से लिविंग विल की पेचीदगियों को समझने और सोच-समझकर निर्णय लेने की अपील भी की।

## कातिल गर्मी! यूपी में 24, बिहार में 46 लोगों की गई जान, 24 घंटे में देशभर में लू से 134 से अधिक की मौत

**नईदिल्ली, 01 जून [एजेंसी]।**

शुक्रवार को लू व भीषण गर्मी से बिहार में 46, झारखंड में 16, ओडिशा में 44 और यूपी में 24 की जान चली गई। राजस्थान में चार की मौत के साथ आठ दिनों में मरने वालों की संख्या 64 पहुंच चुकी है। पश्चिम ओडिशा में भीषण गर्मी के कारण हालात चिंताजनक हैं। भीषण गर्मी के कारण एक दिन में 44 लोगों की जान चली गई। इनमें अकेले सुंदरगढ़ जिले में एक दिन में 20 लोगों की मौत हुई है। यूपी और बिहार में मरने वालों में क्रमशः 11 और आठ मतदान कर्मी शामिल हैं। बिहार में मौत की घटनाएं 11 जिलों में हुई हैं। सर्वाधिक मौत औरंगाबाद में हुई, जिसमें 17 लोगों ने दम तोड़ दिया। गया में सात, रोहतास में आठ, सारण में तीन, आरा, पटना व जहानाबाद में दो-दो, कैमूर, सिवान, हाजीपुर, नालंदा व मुंगेर में एक-एक की मौत हुई है। औरंगाबाद में लू से प्रभावित 350 लोगों का उपचार चल रहा है। मृतकों में चुनाव कार्य में लगे दो शिक्षक, दो अधिकारी एक जवान समेत आठ कर्मी शामिल हैं। मुंगेर में एक दारोगा की मौत हुई है। राज्य में बुधवार को 14 और गुरुवार को 65 की



मौत हो गई थी। झारखंड में लू और गर्मी से बीमार होकर पिछले चौबीस घंटे में 16 की मौत हुई है। इनमें दो यूपी के सीतापुर और कानपुर के रहने वाले थे। पलामू में आठ, जमशेदपुर में तीन, गढ़वा में दो और हजारीबाग में तीन की जान गई है। राज्य में पिछले 48 घंटे में 33 लोगों की मौत हुई है। यूपी के मीरजापुर व सोनभद्र में 11 मतदान कर्मियों की हालत बिगड़ गई, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।डॉक्टरों के मुताबिक, किसी में तेज बुखार, उच्च रक्तचाप तो किसी शुगर लेवल भी बढ़ा मिला। इसके अलावा अलग-अलग जिलों में भी 13 लोगों की हालत गर्मी से बिगड़ने के कारण मौत हो गई। मथुरा-वृंदावन प्रदेश में सर्वाधिक तापमान वाले स्थान रहे। यहां अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सिसय दर्ज किया गया। राजस्थान में तेज गर्मी के कारण प्रदेश के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की भरतपुर में जनसुनवाई करते हुए तबीयत बिगड़ गई। राजस्थान में मरने वालों में धौलपुर में पुलिस के एक सिपाही, अलवर में 70 वर्षीय बुजुर्ग और टोंक में दो किसान शामिल हैं। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक आसमान से आग बरस रही है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में लू के थपेड़ों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। देहरादून में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले वर्ष 2012 में 30 मई को अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हिमाचल प्रदेश में भी शुक्रवार को भी कई क्षेत्रों में लू चली। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि ऊना में 45 डिग्री सेल्सियस रहा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा है कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए।

## बदरीनाथ धाम पहुंचे सुपरस्टार रजनीकांत



**गोनेश्वर, 01 जून [एजेंसी]।**

तमिल व हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता सुपरस्टार रजनीकांत ने शुक्रवार को श्री बदरीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा अर्चनाएं की। बदरीनाथ धाम में गृह सचिव व आईजी पुलिस रिद्धिम अग्रवाल ने भी बदरीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए।फिल्म स्टार शुक्रवार दोपहर बाद हेलीकॉप्टर से श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे। अपराह्न डेढ़ बजे श्री बदरीनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। बदरीनाथ धाम पहुंचने पर बदरीनाथ मंदिर प्रभारी अधिकारी, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी ने फिल्म स्टार रजनीकांत को भगवान बदरी विशाल का प्रसाद भेंट किया। बताया कि सुपरस्टार रजनीकांत आज बदरीनाथ धाम में ही ठहरे हुए हैं। कल वे बदरीनाथ धाम से वापस लौटेंगे। सुपरस्टार रजनीकांत ने बताया कि वे आत्मिक शांति व अध्यात्मिक अनुभव हेतु प्रत्येक वर्ष श्री केदारनाथ एवं श्री बदरीनाथ धाम आते हैं।

बदरीनाथ में इस अवसर पर रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, ज्योर्तिमठ के प्रभारी ब्रहमचारी मुकुदानंद , वेदपाठी रविंद्र भट्ट, कार्याधिकारी बदरीनाथ नगर पंचायत सुनील पुरोहित लक्ष्मी मंदिर के पुजारी दिनेश डिमरी, थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी, हरेंद्र कोठारी, हरीश जोशी, विकास सनवाल आदि मौजूद रहे।

## चक्रवात रेमल के कारण 30 से ज्यादा लोगों की मौत, पीएम मोदी ने आर्थिक मदद का किया ऐलान

**नईदिल्ली, 01 जून [एजेंसी]।**

चक्रवात रेमल के प्रभाव के कारण पश्चिम बंगाल समेत कई पूर्वी राज्यों में भारी बारिश और भूस्खलन में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। वहीं, अब चक्रवात रेमल के कारण अपनी जान गंवाने वाले और घायलों के परिवारों को पीएम मोदी ने आर्थिक मदद का एलान किया है। उन्होंने असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में चक्रवात रेमल के कारण जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों को



50000 रुपये देने का एलान किया है। चक्रवात के कारण पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों में सड़क और रेल संपर्क भी प्रभावित हुआ है। मिजोरम में 29 लोग मारे गए, जिनमें से 25 की मौत आइजोल जिले में खदान ढहने से हुई, जबकि नगालैंड में चार, असम में तीन और मेघालय में दो लोगों की मौत हुई है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए और बिजली और इंटरनेट सेवाएं बाधित हुई है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के लुमडिंग डिवीजन के अंतर्गत न्यू हाफलोंग-जटिंगा लामपुर सेक्शन और डिटोकचेरा यार्ड के बीच जलभराव के कारण कई ट्रेनें या तो रद कर दी गईं या आंशिक रूप से रद कर दी गईं तथा उनके समय में परिवर्तन किया गया।

## तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में पेंट फैक्ट्री में भीषण आग, तीन लोगों की मौत, चार घायल



**चेन्नई, 01 जून [एजेंसी]।**

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के पड़ोसी जिले तिरुवल्लूर में स्थित कक्कलुर औद्योगिक एस्टेट में एक पेंट फैक्ट्री में आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतक पेंट और थिनर बनाने वाली फैक्ट्री में कामगार थे।

पुलिस ने कहा कि आग में शेड का एक हिस्सा ढह जाने से उनमें से एक के सिर में गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों को घायल अवस्था में तिरुवल्लुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, आग आज शाम लगी और आग बुझाने के लिए तुरंत दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

## किशोर बोर्ड ने पुणे पुलिस को नाबालिग से पूछताछ की दी अनुमति पिता और दादा को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे, 01 जून [एजेंसी]।**

किशोर न्याय बोर्ड ने पुलिस को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग से पूछताछ करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी है। इस हादसे में नाबालिग की कार से दो साफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। पुलिस ने किशोर न्याय बोर्ड को पत्र लिखकर 17 वर्षीय किशोर के खिलाफ जांच की अनुमति मांगी थी। किशोर वर्तमान में सुधार गृह में है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे ने कहा कि किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष सुनवाई हुई और उसने हमारी याचिका



स्वीकार कर ली। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को हादसे के वक्त पोर्श कार को नाबालिग नशे की हालत में चला रहा था। किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार, किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी। हादसे को लेकर सामने आए नए घटनाक्रमों के बीच पुलिस नाबालिग के खिलाफ जांच करेगी। इन घटनाक्रमों में ससून जनरल अस्पताल में रक्त नमूनों में कथित हेरफेर शामिल है, जिसके सिलसिले में अस्पताल के दो चिकित्सकों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने बताया कि उपायुक्त की अध्यक्षता वाली समिति अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। इससे पूर्व पुणे की एक अदालत ने कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग के पिता और दादा को उनके चालक के अपहरण एवं बंधक बनाने में भूमिका को लेकर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल और उनके पिता को पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट एए पांडे की अदालत में पेश किया गया था।

## देश में बर्ड फ्लू की दस्तक! केंद्र ने एवियन इन्फ्लूएंजा को लेकर राज्यों से सतर्क रहने को कहा

**नईदिल्ली, 01 जून [एजेंसी]।**

केंद्र ने शुक्रवार को एवियन इन्फ्लूएंजा को लेकर सभी राज्यों को सतर्क रहने के लिए कहा है। एवियन इन्फ्लूएंजा को बर्ड फ्लू भी कहा जाता है। निर्देश में कहा गया है कि पक्षियों और मुर्गियों की किसी भी असामान्य मौत के प्रति सतर्क रहें और तुरंत पशुपालन विभाग के साथ जानकारी साझा करें। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई है कि वे सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों/निजी चिकित्सकों को एवियन इन्फ्लूएंजा के संकेत और लक्षणों के बारे में बताएं। सभी पोल्ट्री फार्मों पर व्यापक सुरक्षा आकलन की सिफारिश की गई है। पक्षियों और घरेलू पोल्ट्री के बीच संपर्क रोकने के उपायों को लागू करने कहा गया है। राज्यों से इससे बचने के उपायों के बारे में लोगों को जानकारी देने की भी सलाह दी गई है। इसके अलावा, उन्हें पर्याप्त संख्या में एंटीवायरल दवाओं, पीपीई, मास्क आदि के भंडारण जैसे सभी निवारक उपायों के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 25 मई को जारी एक संयुक्त निर्देश में कहा गया है कि 2024 तक चार राज्यों-



आंध्र प्रदेश (नेल्लोर), महाराष्ट्र (नागपुर), केरल (अलाप्पुझा, कोट्टायम और पथानामथिट्टा जिले) और झारखंड (रांची) में पोल्ट्री में एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप की सूचना पहले ही मिल चुकी है।

संयुक्त परामर्श में कहा गया है कि चूंकि एवियन इन्फ्लूएंजा संक्रमण तेजी से फैलने वाली बिमारी है और इसके लोगों में फैलने की अधिक संभावना है, इसलिए इस संक्रमण के प्रसार को कम करने और रोकने के लिए सभी जरूरी उपाय करना अनिवार्य है। एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस आमतौर पर प्रवासी पक्षियों के बीच प्रसारित होता है। यह पालतू मुर्गी पक्षियों के बीच प्रकोप का कारण बनता है। साथ ही संभवतः प्रवासी पक्षियों के मुर्गियों के संपर्क में आने की वजह से होता है।

## न्यायपालिका की काली भेड़ें इमरान खान को राहत देने पर तुलीं पाकिस्तान शहबाज के जजों पर विवादित बयान से विवाद



**लाहौर, 01 जून [एजेंसी]।**

पाकिस्तान की एक अदालत में शुक्रवार को न्यायपालिका के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ याचिका दाखिल की गई। याचिका में देश की न्यायपालिका में सेवारत न्यायाधीशों को काली भेड़ कहने पर उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही की मांग की गई। याचिकाकर्ता आशबा कामरान ने कहा कि प्रधानमंत्री का बयान न्यायपालिका की अखंडता और स्वतंत्रता को कम करता है। उनका बयान न्यायपालिका की संस्था पर हमला करने जैसा है। ऐसे में इसलिए उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कानून के तहत कार्यवाही की जानी चाहिए।लाहौर हाई कोर्ट के जस्टिस वहीद खान ने मामले की सुनवाई की और याचिकाकर्ता से दो सप्ताह में अगली कार्यवाही के लिए दलीलें मांगीं। हाल ही में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की बैठक को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी पीएम ने कहा था कि न्यायपालिका में कुछ काली भेड़ें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक-नेता इमरान खान को राहत देने पर तुली हैं।



## पांडवपारा क्षेत्र में सही किये जाए साईन बोर्ड

**कोरिया पांण्डवपारा।** एसईसीएल पांडवपारा अंतर्गत ग्राम टेंगनी चौक पर दिशा निर्देश बोर्ड लगभग 6 महीना पूर्व टूट के गिरा हुआ है जो रोड के बगल में पड़ा है एक्सीडेंट होने की भारी खतरा बनी रहती है। ग्राम पंचायत टेंगनी में दिशा निर्देश बोर्ड लगभग 6 महीना पूर्व के गिरा हुआ है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की आंख अभी भी अंधेरा छाया हुआ है दरअसल यह टेंगनी चौक चार रास्ते को मिलती है भैयाथान शिवप्रसाद नगर पटना और पांडवपारा यह चारों रास्ते आपस में मिलती है और एक्सीडेंट होने की भारी खतरा बनी रहती है इस बोर्ड को चौक पर ही पढ़ा हुआ है जिसमें घटना होने की संभावना बनी रहती है इस रोड पर कोयले से भरे ट्रक और बस और कॉलरी में काम करने वाले मजदूरों का आवागमन इसी रास्ते से होता है और स्कूल भी बच्चे जाते हैं जिसमें भारी खतरा बना रहता है जिसमें विभाग की द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पटना से पाडवपारा रास्ते के बगल में रोड़ के किनारे में एक से डेड फिट तक गढ़ा है जिसमे विभाग के द्वारा मिट्टी भी नहीं डाला जाता है जिसमें भारी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

## स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है तम्बाखू निषेध दिवस पर लोगों को किया जागरूक



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ आर.एस. सेंगर के निर्देशानुसार जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थानों में आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एस. सेंगर की अध्यक्षता में तंबाकू उत्पाद का उपयोग नहीं करने व तंबाकू उत्पाद से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करने हेतु शपथ लिया गया व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया। इस अवसर पर जिले के नोडल अधिकारी डॉ. कार्तिकेय सिंह, डीपीएम अशरफ अंसारी, डीएम एच आर राकेश सिंह, डीडीएम भूपेंद्र पटनवार एवं कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## उरांवपारा के लोगों को जलापूर्ति सामान्य



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के सोनहत विकासखंड के उरांव पारा के वार्ड क्रमांक 15 में 15 परिवार निवासरत हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी है कि पूर्व में तीन हैण्डपम्प से जलप्रदाय किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत सोलर आधारित योजना क्रियान्वित की गई है, जिससे प्रत्येक परिवारों को हर घर जल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जानकारी में बताया गया है कि कतिपय असामाजिक तत्वों के द्वारा योजना के माध्यम से बिछाई गई पाइप को काटकर, मोटे पाइप से कनेक्शन कर पानी का उपयोग दूसरे प्रयोजन करने एवं पाइप लाइन लीकेज होने के कारण छह घरों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था, विभाग को जानकारी मिलते ही पाइप लाइन को तत्काल सुधार कर इन परिवारों के घरों में निरंतर जल प्रदाय किया जा रहा है।

# साईबर फ्राड गिरोड ने नौकरी का सपना दिखाकर 41 लाख की ठगी की

**सूरजपुर।** जिले में तेजी से घटित हो रही आनलाइन ठगी की वारदातों के बीच इस बार साइबर अपराधियो ने बिहारपुर चांदनी इलाके की एक महिला को नौकरी दिलाने के नाम पर 41 हजार रुपये की ठगी का शिकार बनाया है। मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के गुना ग्वालियर के तीन लोगों के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज किया है।

जिले में लगातार लोग आनलाइन ठगी के शिकार हो रहे है। कुछ मामलों में अपराध दर्ज हो रहे है, तो कई मामलों में साइबर पोर्टल में शिकायत दर्ज की जा रही है। वही 75 प्रतिशत घटनाओं में अपराध अथवा पोर्टल में शिकायत भी दर्ज नही हो रही है। इस बार साइबर आरोपितो ने चांदनी बिहारपुर इलाके के नवगई गांव की एक महिला को ठगी का शिकार बनाया है। इसकी रिपोर्ट पीड़ित महिला चंद्रकला जायसवाल ने चांदनी थाना में दर्ज कराई है। उसने बताया की वह महामाया महिला स्व सहायता समूह में कार्य करती है। 13 मई को उसके मोबाइल पर काल करने वाले शिवराम यादव ने कहा कि वह समूह का अधिकारी बोल रहा है। आप समूह की एक्टिव महिला हो।



आपको आगे बढ़ाना है। आपका लिस्ट में नाम आया है। नौकरी के लिए एक हजार रजिस्ट्रेशन फीस व 40 हजार रुपये देने होंगे। उसके झांसे में आकर उसने एक हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस व 40 हजार रुपये फोन पे से उसके बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इस ठगी की घटना में धनपाल अहिरवार व नेपाल यादव भी शामिल है। तीनो आरोपित गुना, ग्वालियर मध्यप्रदेश के रहने वाले है। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर चांदनी पुलिस ने आरोपित शिवराम यादव, धनपाल अहिरवार व नेपाल यादव के खिलाफ धारा 420 व आईटी एक्ट की धारा 66 (ड़ी) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। हाल ही में बिश्रामपुर थाना इलाके के ग्राम पंचायत केशवनगर महादेवपारा में एक महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई थी। साइबर ठग ने पार्ट टाइम जॉब करने हेतु प्रोडक्ट्स बेचने व मोटे कमीशन दिलाने का लालच देते हुए महिला से 12 लाख 37 हजार 410 रुपए ठग लिए। मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार साइबर अपराधी ने एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गांयत्री भूमिगत परियोजना में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर अमन कश्यप केटेगरी तीन मजदूर को ठगी का शिकार बनाया था।

# मालिक को अगवा कर पिकअप लूटपाट के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पिकअप मलिक का अपहरण कर पिकअप लूटने के दो आरोपितों को धौरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में गिरफ्तार आरोपितों के दो सहयोगियों ने लूट की पिकअप को राजपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर के पास लावारिस छोड़ दिया था।

पिकअप मालिक से दो लाख रुपये की मांग भी आरोपितो द्वारा की जा रही थी। मामले में फरार दो आरोपितों की तलाश की जा रही है। सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करदोनी निवासी अंजय टोप्पो बीते 29 मई 2024 को पिकअप वाहन से अपने चालक विवेक यादव के साथ शादी का सामान शंकरगढ़ पहुंचाने गया था। वापस आते समय पिकअप वाहन मे 18 नग साल लकड़ी का सिल्ली लेकर वापस आ रहा था।देर रात स्कार्पियो वाहन में सवार पारस सिंह, जवाहिर आयाम एवं अन्य दो व्यक्तियों द्वारा पिकअप वाहन कों ओवरटेक कर स्कार्पियो वाहन को सामने अड़ा कर चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी गई। चालक वहां से मौका देखकर भाग गया। चालक के भाग जाने पर आरोपित पारस एवं जवाहिर ने पिकअप मालिक अंजय को अपने स्कार्पियो वाहन में बैठाकर ले गए। उनके दो साथी पिकअप वाहन को लेकर मौके से भाग गए। आरोपित पारस एवं जवाहिर ने प्रार्थी को परसा में छोड़ दिया। बाद में उसे



मोबाइल से धमकी देते हुए दो लाख रुपये की मांग की जाने लगी। घटना से भयभीत पिकअप वाहन के मालिक ने पुलिस से शिकायत की। घटना की गंभीरता को देखते हुए धौरपुर पुलिस तत्काल सतर्क हुई। पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपित पारस सिंह एवं जवाहिर आयाम को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपित पारस सिंह (27) मूलतः करसी नवापारा प्रतापपुर का रहने वाला है जबकि जवाहिर आयाम भी उसी के गांव का हैं। इन दोनों से पिकअप ले जाने वाले दो अन्य आरोपितों के संबंध में जानकारी ली गई।इन दो आरोपितों के बताए अनुसार नरसिंहपुर जंगल थाना राजपुर से लूटा गया बिना नंबर पिकअप वाहन बरामद किया गया। इसमें 18 नग साल लकड़ी का सिल्ली लोड था। मामले की सूचना वन परिछेत्राधिकारी लुन्ड्रा को अग्रिम कार्रवाई हेतु दी गई है। आरोपितों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन सीजी 15 सीडब्लू - 2317 को जब्त किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर निरीक्षक कैलाश मिर्रे, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, थाना प्रभारी लुन्ड्रा उप निरीक्षक सम्पत पोटाई, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रामधनी राम, देवनारायण यादव, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, सुधीर सिंह, रुस्तम, अमरसाय मिंज, जगसाय मरकाम, आरक्षक मनीष सिंह, सुयश पैकरा, सामुसाय, सुशील मिंज, दिलेश्वरचंद, सयनाथ लकड़ा, मुनेश्वर पन्ना, दीपक पाण्डेय, हेमंत लकड़ा, अनिल मरावी शामिल रहे।

## तकनीकी शिक्षा के लिए जापान दौरे पर जाने से पहले प्रगति मिली कलेक्टर से



**कोरिया बैकुंठपुर।** सकुरा विज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकी जानने के लिये छत्तीसगढ़ राज्य से तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया है। पहले स्थान पर कोरिया जिले से कस्तुरबा गॉधी आवासीय विद्यालय पोड़ीबचरा में अध्ययनरत कक्षा-11वीं की छात्रा कुमारी प्रगति सिंह आत्मज चन्द्र प्रताप सिंह का चयन हुआ है। सकुरा विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन जापान में 16 जून से 22 जून 2024 तक किया जा रहा है। सभी चयनित बच्चे दिल्ली के लिये 14 जून को रवाना होंगे तथा 15 जून को जापान के लिये प्रस्थान करेंगे। सभी छात्र जापान के साइंस सेंटर और वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण करेंगे तथा रोबोटिक टेक्नोलॉजी की भी जानकारी हासिल करेंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कार्यालय में कुमारी प्रगति को उज्ज्वल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट की साथ ही आवश्यक सामग्री युक्त किट भी छात्रा कुमारी प्रगति को उनके माता-पिता की उपस्थिति में प्रदान किया गया ताकि सफर के दौरान किसी भी प्रकार की कमी महसूस हो। हवाई यात्रा को लेकर छात्रा काफी उत्साहित है, वहीं कोरिया जिले का नाम उसी ऊंचाई तक पहुंचा कर गौरवान्वित की है। भेंट कार्यक्रम के अवसर पर अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा संजय सिंह, सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा अनिल कुमार जायसवाल उपस्थित थे।

## हैंडपंप गई किशोरी मिली अचेत चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

**लखनपुर।** थाना क्षेत्र के कुन्नी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम तीरकेला में हैंडपंप के पास अचेत मिली किशोरी की मौत हो गई। दिनभर तेज धूप में मकान निर्माण कार्य में लगे रहने से गर्मी और लू के कारण मौत की संभावना जताई जा रही है हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। जानकारी के अनुसार जीधन राम मझवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है जिसमें पूरा परिवार काम कर रहा था। जीधन राम मझवार की बेटी दिल कुमारी गुरुवार शाम लगभग 4.30 बजे पानी लेने हैंडपंप गई। पानी लेने पहुंची एक अन्य महिला ने बालिका के पिता को हैंडपंप के पास अचेत अवस्था में पड़े रहने की जानकारी दी। तत्कल स्वजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 वाहन में उपचार हेतु कुन्नी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। चिकित्सक के नहीं होने पर नर्स ने लखनपुर अस्पताल उपचार हेतु भेजा। एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने पर स्वजन निजी वाहन से शाम लगभग सात उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल पहुंचने पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। लखनपुर ने शुक्रवार को अस्पताल पहुंच पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा शव को स्वजन को सुपूर्द किया। लखनपुर पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

***रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में भयंकर लू चलने व रात में भी हवा में तपिश बने की चेतावनी जारी की है।

# विरोधाभास बना हुआ शिक्षकों की पदस्थापना में

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना में सेटअप का ध्यान नहीं रखा गया है। खासकर जिला व ब्लाक मुख्यालय तथा आसपास के पांच से दस किलोमीटर के दायरे में स्थित सरकारी स्कूलों में पहुंच और प्रभाव में आकर शिक्षकों की पदस्थापना से व्यवस्था बिगड़ चुकी है। हायर सेकेंडरी स्कूलों में किसी विषय के 20 बच्चों के लिए चार शिक्षक हैं तो कहीं 40 बच्चों के लिए सिर्फ एक शिक्षक की पदस्थापना की गई है।

कुछ स्कूलों में तो सभी विषयों के शिक्षक ही नहीं है। सेटअप से अधिक शिक्षकों की पदस्थापना के बाद भी परीक्षा परिणाम में अलग से कोई विशेष उपलब्धि नजर नहीं आती है। जिन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या कम है वहां भी परिणाम वैसा ही है जैसा कि अतिशेष शिक्षकों वाले स्कूलों का हैं। शिक्षकों के विसंगतिपूर्ण पदस्थापना की जानकारी विभागीय अधिकारियों को भी है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इसे सेटअप के अनुरूप करने की पहल कोई नहीं कर रहा है।दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूल लंबे अर्से से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं वहीं शहरी क्षेत्र के स्कूलों में स्वीकृत सेटअप से अधिक संख्या में शिक्षकों को पदस्थ किया गया है। बीच- बीच में अतिशेष शिक्षकों का मुद्दा उठता है लेकिन अतिशेष शिक्षकों के प्रभावशाली होने के कारण विभाग ने कभी भी प्रभावी तरीके से हटाने की कोशिश नहीं की। जब भी अतिशेष शिक्षकों को छेड़ने की कोशिश की गई तब -तब पहुंच और प्रभाव का भी असर दिखाया गया। संगठन के दम पर अधिकारियों पर दबाब बनाकर ।प्रक्रिया को पूरी ही नहीं होने दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने भी बच्चों के हित से जुड़े इस मुद्दे पर कभी बात नहीं की।अतिशेष शिक्षकों का मुद्दा बीच-बीच में सामने आता है लेकिन दबाब की कार्यशैली के कारण अधिकारी भी शांत बैठ जाते हैं।

शिक्षकों की पदस्थापना में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। शहर व आसपास के स्कूलों में तो एक - एक विषय के तीन-तीन , चार- चार शिक्षक पदस्थ हैं जबकि उस अनुपात में बच्चों की संख्या कम है। सबसे बड़ी बात है कि पदस्थ शिक्षक अपने हिसाब से इन स्कूलों का संचालन कराना चाहते हैं। राजनेताओं से नजदीकियां और बचपन से ही शहर में पले-बढ़े होने के कारण इन्हें छेड़ने का प्रयास भी नहीं किया जाता। जब भी अतिशेष शिक्षकों के समायोजन की कोशिश हुई तब-तब इसका विरोध हुआ। यह स्थिति बच्चों के हितों के लिए अच्छा नहीं है।उनके अध्ययन-अध्यापन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिए जाने का आरोप लगता है। अंबिकापुर शहर के बाहरी क्षेत्र और आसपास के पांच से 10 किलोमीटर के दायरे में पदस्थ शिक्षकों की सूची बताती है कि पहुंच और प्रभाव से मनचाहा पदस्थापना दी गई है। ब्लाक मुख्यालय के स्कूलों की भी यही स्थिति है।

शासकीय स्कूलों खासकर हाई व हायर सेकेंडरी में पदस्थ शिक्षकों की संख्या तथा स्वीकृत सेटअप की समीक्षा कभी नहीं होती। एक बार समीक्षा हुई तो सारी गड़बड़ी उजागर हो जाएगी। अधिकारी भी जानते हैं कि दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों की तुलना में शहरी क्षेत्र में सेटअप से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। भगवानपुर, खैरबार,गांधीनगर,परसा सहित आसपास के स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों के बाद भी परिणाम औसत दर्जे का ही रहा है। 10 वीं-12 वीं की बोर्ड परीक्षा में ऐसी उपलब्धि भी नहीं दिखती है कि अतिशेष शिक्षकों का फ़ायदा बच्चों को मिल रहा है। सरगुजा जिले में शिक्षकों की पदस्थापना में मनमानी और शासन के निर्देशों की अवहेलना को लेकर नए शिक्षा सत्र से पहले पहल जरूरी है ताकि सभी शासकीय विद्यालयों में सेटअप के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना हो सके, इसका सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा।

नया शिक्षा सत्र आरंभ होने में अभी समय है। यदि पहले ही अतिशेष शिक्षकों की सूची प्राप्त करने के बाद रिक्त पदों के अनुरूप समायोजन कर दिया जाए तो सभी स्कूलों में अध्यापन बेहतर तरीके से हो सकेगा। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग में सभी प्राचार्य से अतिशेष शिक्षकों की सूची मांगी है।कई बार ऐसी प्रक्रिया आरंभ की गई है लेकिन इसका कोई सार्थक नतीजा सामने नहीं आया है।यदि इस बार अतिशेष शिक्षकों का समायोजन हुआ तो दूरस्थ गांव के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का भी भला होगा।

# सोनहत बाबा भोलनशाह मजार में सालाना उर्स की तैयारी

### जहां यादव परिवार की चढ़ती है पहली चादर, कव्वाली का जंगी मुकाबला होगा



**कोरिया/सोनहत।** हजरत बाबा भोलनशाह वली रहमतुल्लाहअलै मजार में सलाना उर्स की तैयारी जोरशोर से चल रही है।9, 10, 11 जून को सालाना उर्स मनाया जाएगा। जिसमें मशहूर कव्वाल ताहिर चिश्ती उत्तरप्रदेश और सीमा शबा नागपुर महाराष्ट्र के बीच जंगी मुकाबला होगा। कोरिया के सोनहत विकासखंड स्थित बाबा भोलनशाह के मजार में उर्स की तैयारी चल रही है। सोनहत उर्स कमेटी के नेतृत्व में तीन दिवसीय सालाना उर्स मनाया जाएगा। जहां सामाजिक सद्भावना देखने को मिलती है। सोनहत के ग्रामीण मिल-जुलकर सद्भावना के साथ चादर को नगर भ्रमण करा बाबा भोलनशाह की मजार में चढ़ाते हैं। ग्रामीणों बताया कि भोलनशाह का मजार सर्व धर्म एकता का प्रतीक है। पहला चादर चढ़ाने को लेकर ऐसी मान्यता है कि यादव समाज के एक व्यक्ति की संतान नहीं होने के कारण इसी स्थल पर पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी थी। फिर उसे पुत्र की प्राप्ति हुई। उसके बाद उसने यहां मजार बनवाया था। तब से यह परंपरा चली आ रही है। पिछले कई दशक से हिंदू-मुस्लिम मिल-जुलकर उर्स मनाते हैं।

**यह कहते हैं बुजुर्ग**

बाबा भोलनशाह के मजार का कोई प्रमाणिक इतिहास नहीं है। लेकिन सोनहत के बुजुर्गों का कहना है कि स्व. रामदेव यादव के परिवार के मुताबिक मजार का इतिहास पुराना है। मजार में यादव परिवार की पहली चादर चढ़ती है। स्व. रामदेव बनारस से आए थे। जो सोनहत और सूरजपुर जिले की सीमा पर स्थित ग्राम किरवाही में रहकर व्यापार करते थे। उनकी कोई संतान नहीं थी। जिससे उसी स्थान पर पूजा-अर्चना कर पुत्र प्राप्ति की मन्नत मांगी थी। उसके बाद पुत्र रत्न प्राप्त हुआ था। जिससे वहां अपनी शक्ति के हिसाब से मजार का निर्माण कराया और आज तक हर साल सालाना उर्स के मौके पर पहली चादर यादव परिवार की चढ़ाई जाती है। उसके बाद उर्स कमेटी की चादरपोशी होती है।

**1970 में पहली बार सालाना उर्स का कार्यक्रम हुआ**

बुजुर्गों का कहना है कि पार्क परिक्षेत्राधिकारी स्व. आरयू पाण्डेय ने मजार में मन्नत मांगी गई थी और उन्हें भी पुत्र की प्राप्ति हुई थी। जिससे करीब 1970 में बाबा के मजार स्थल पर सालाना उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया और उनकी अगुवाई में पहली बार सालाना उर्स का कार्यक्रम शुरू हुआ। फिर मजार में धीरे-धीरे सुविधाएं बढ़ी और मजार का जीर्णोधार कर नया मजार एवं कुआं सहित अन्य निर्माण कराए गए।

**मजार में सलाना उर्स की तैयारी चल रही है।9, 10, 11 जून को सालाना उर्स मनाया जाएगा। जिसमें मशहूर कव्वाल ताहिर चिश्ती उत्तरप्रदेश और सीमा शबा नागपुर महाराष्ट्र के बीच जंगी मुकाबला होगा।**

**सब्बीर मोमिन, अध्यक्ष उर्स कमेटी वक्फ सोनहत**

## शराब दुकान में चाकूबाजी, पांच गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा इलाके के आमासिवनी शराब दुकान के बाहर लाइन लगने के नाम पर हुए विवाद में दो लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले एक नाबालिग समेत पांच लोगों को बुधवार गिरफ्तार कर जेल व बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। विधानसभा पुलिस के मुताबिक संजयनगर, टिकरापारा के खिलेश्वर उर्फ दद्दू यादव(19),बीएसयूपी कालोनी खालबाड़ा सड्डू के घनश्याम सोनी(20),संजयनगर के ओम वर्मा(18), बीएसयूपी कालोनी खालबाडा सड्डू के नर्मदा प्रसाद वर्मन(18) और एक नाबालिग ने मिलकर 28 मई को आमासिवनी स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने के दौरान लाइन में पहले से खड़े संजय डांडे से विवाद कर खींचते हुए सडक किनारे ले जाकर चाकू से ताबडतोड़ हमला कर दिया था। इस दौरान बीच-बचाव करने सामने आए दिनेश कुमार मेहर को भी चाकू मारकर आरोपित घायल करके आटो ई रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीएच 5390 में सवार होकर भाग गए थे। शिकायत पर पुलिस ने हत्या की कोशिश, बलवा का केस दर्ज कर पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

# भीषण गर्मी में शहडोल मेमू की लेटलतीफी से यात्री बेहाल

**अंबिकापुर।** भीषण गर्मी के बीच शहडोल अंबिकापुर मेमू ट्रेन की लेटलतीफी का खामियाजा सरगुजा संभाग के साथ मध्य प्रदेश के यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। लगातार विलंब से चलने वाली शहडोल-अंबिकापुर मेमू शुक्रवार को अपने निर्धारित समय दोपहर 12 30 बजे की जगह अपरान्ह साढ़े तीन बजे रवाना हुई। यह एक दिन की बात नहीं है। हर दिन यह ट्रेन विलंब से शहडोल से अंबिकापुर के लिए संचालित हो रही है। इसके बावजूद रेल प्रबंधन और उच्चाधिकारियों का ध्यान नहीं है। भीषण गर्मी में यात्री रेल प्रबंधन की उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। शहडोल से अंबिकापुर के लिए दिन में छूटने वाली पहली ट्रेन होने के कारण मेमू में छत्तीसगढ़ के साथ मध्य प्रदेश के यात्री बड़ी संख्या में यात्रा करते हैं। दूसरी कनेक्टिंग ट्रेनों से यात्रा कर शहडोल व अनूपपुर स्टेशन में उतरे यात्रियों को इसका इंतजार रहता है। लेकिन उनकी प्रतीक्षा गर्मी के दिनों में काफी कष्टप्रद हो गई है। भीषण गर्मी में स्टेशन में खड़े यात्रियों को रोज घंटों इस ट्रेन के लिए इंतजार करना पड़ता है।

शहडोल अंबिकापुर मेमू के संचालन में देरी की वजह इसकी रैक के सही समय पर नहीं पहुंचना है। बताया गया कि प्रतिदिन बिलासपुर से शहडोल के बीच चलने वाली मेमू की रैक को ही शहडोल अंबिकापुर के रूप में संचालित किया जाता है। बिलासपुर से आने वाली मेमू के रोज घंटों विलंब से शहडोल आने के कारण यह लगातार अंबिकापुर के लिए काफी देर से रवाना हो रही है। शहडोल मेमू का अंबिकापुर पहुंचने का निर्धारित समय शाम साढ़े पांच बजे है लेकिन यह प्रतिदिन एक से डेढ़ घंटा विलंब से आ रही है। चूंकि यह ट्रेन अंबिकापुर-



अनूपपुर मेमू के रूप में रवाना होती है, इस कारण एक ट्रेन के विलंब से आने के कारण दूसरे का संचालन समय प्रभावित हो रहा है। बता दें कि अंबिकापुर से अनूपपुर जाने वाले मेमू में ऐसे यात्री प्रतिदिन रवाना होते हैं जिन्हें अनूपपुर स्टेशन से दूसरी कनेक्टिंग ट्रेन पकड़नी होती है लेकिन कई बार विलंब से वहां पहुंचने के कारण उनकी ट्रेन छूट जाती है। बीते एक सप्ताह के संचालन समय पर नजर डालें तो शहडोल मेमू पिछले शनिवार को दोपहर साढ़े बारह बजे की जगह दोपहर 12 39 बजे रवाना हुई थी। इस दिन ट्रेन सिर्फ नौ मिनट लेट थी। वहीं रविवार को दोपहर सवा बजे, सोमवार को दोपहर 1 42 बजे, मंगलवार को 1 44 बजे , बुधवार को 1 16 बजे और गुरूवार को दोपहर दो बजे शहडोल से छूटी। लंबे समय से मेमू ट्रेन प्रतिदिन घंटों देरी से आने जाने के कारण यात्री खासे परेशान हैं। अंबिकापुर आने जाने वाली मेमू ट्रेन लगभग रोज दो-तीन घंटे लेट रहती है। गर्मी के मौसम में एक तो ट्रेनों में सीटों को लेकर मारामारी है वही रोज मेमू ट्रेन की लेट लतीफी की समस्या यात्रियों के लिए सिर दर्द बन गई है। नवतपा के भीषण गर्मी में ट्रेन की देरी से यात्री हलाकान हैं।

# खोलार नाला पुल के पास बेकाबू ट्रेलर के पलटने से चालक की मौत

## रेस्क्यू करने आई जेसीबी गिरने से बची



**कोरबा।** जवाली क्षेत्र में हुए घटनाक्रम में एक ट्रेलर वाहन बेकाबू होने के साथ खोलार नाला पुल से पहले पलट गया। घटना में चालक की दबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन निकालने के लिए दो जेसीबी की मदद ली गई। बताया गया कि दूसरी जेसीबी रेस्क्यू के दौरान आज सुबह नाला में गिरते-गिरते बच गई। उसका आधा हिस्सा लटका हुआ है।

बांकीमोंगरा से हमारे संवाददाता ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेलर संख्या सीजी-12एव्ही-2160 दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। उसमें कोयला लोड था जिसे एसईसीएल की दीपका परियोजना से लिया गया था और इसे बिलासपुर में सप्लाई दी जानी थी। ट्रेलर को लेकर मूलतः बिहार निवासी चालक कुंदन कुमार गंतव्य के लिए निकला था। बांकीमोंगरा क्षेत्र के जवाली पहुंचने के दौरान खराब रोड पर वाहन बेकाबू हो गया। इसके साथ ही खोलार नाला पुल से पहले वह लहराते हुए नीचे जा गिरा। घटना ड्राइवर साइड हुई, ऐसे में वाहन में ही दबकर चालक कुंदर कुमार की मौत हो गई। रात्रि को हुई घटना के बारे में सूचना प्राप्त होने पर वाहन मालिक और आसपास के लोगों ने संज्ञान लिया। फौरी तौर पर अगली कार्यवाही की जानी संभव नहीं हो सकी। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन आज चलाया गया है और मृतक के शव को निकाला गया। खबर में बताया गया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को निकालने के लिए दो जेसीबी का सहारा लिया गया। दूसरी जेसीबी जब यहां पहुंच रही थी तभी अचानक ऐसा कुछ हुआ कि खोलार नाला पुल से गुजरने के दौरान वह असंतुलित हो गई। चालक के द्वारा सूझबूझ दिखाने से असर यह हुआ कि जेसीबी पुल में गिरी तो नहीं लेकिन उसका आधा हिस्सा लटक गया।

### सड़क पर चल रहे काम को लेकर नाराजगी

इलाके के लोगों में इस बात को लेकर नारजागी दिखी कि जवाली क्षेत्र की सड़क को बनाने के लिए जो तरीका अपनाया जा रहा है वह परेशान करने वाला है। काफी समय से इस तरह की मुश्किलें बनी हुई है और इससे आवाजाही करने में दिक्कतें हो रही है। रात्रि को जो हादसा इस क्षेत्र में हुआ उसके पीछे प्राथमिक रूप से सड़क की जर्जर स्थिति अहम कारण है। कहा जा रहा है कि अगर इस तरफ गंभीरता नहीं दिखाई गई तो और भी हादसे हो सकते हैं।

### परिजनों के आने का इंतजार

बांकीमोंगरा पुलिस ने दुर्घटना में चालक कुंदन कुमार की मौत को लेकर 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है। चालक के परिवार को ट्रक मालिक की ओर से राहत राशि दिलवाने की पहल की गई है। प्रकरण में परिजनों के आने के बाद अगली कार्यवाही की जाएगी।

# लोनर ने मोहनपुर में मचाया उत्पात, ढहाया घर को



### अनाज को किया चट, पीड़ित को हजारों का नुकसान

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल अतंर्गत केंदई व एतमा नगर रेंज के बाद अब हाथियों ने पसान रेंज में उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार की रात बीजाडाड़ -बरदापखना के रास्ते अचानक धमके लोनर हाथी ने यहां ग्राम मोहनपुर में जमकर उत्पात मचाया इस दौरान लोनर ने भारत सिंह नामक एक ग्रामीण के घर को न केवल निशाना बनाते हुए ढहा दिया बल्कि वहां रखे धान व अन्य अनाज को चट करने के साथ घरेलू समानों को भी नुकसान पहुंचाया है।

पीड़ित ग्रामीण द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और रात में लोनर द्वारा किए गए नुकसानी का आकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। जानकारी के अनुसार लोनर हाथी का उत्पात गांव में काफी देर तक चला इस दौरान ग्रामीण डर के मारे अपने घरों मेंक डूब के रहे । मोहनपुर में उत्पात मचाने के बाद लोनर सुबह होने से पहले पसानबीट में स्थित कोसाबाड़ी पहुंच गया है। लोनर को यहां आज सुबह विश्राम करते हुए देखा गया । सहायक रेंजर ईश्वर मानिकपुरी ने बताया कि लोनर हाथी इस समय उनके सर्किल में है वन अमला द्वारा उसकी निगरानी की जा रही है। आसपास गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सर्तक करने का काम शुरू कर दिया गया है। उधर केंदई रेंज के लालपुर व कापानवापारा में हाथियों का दो दल विचरण रत है। ये दल यहां काफी दिनों से डेरा जमाए हुए है। दल में मौजूद हाथी दिन भर जंगल व पहाड़ में रहता है। शाम होने पर नीचे उतरकर पानी पीने के बाद पुनः वापस चलसा जाता है।

एतमा नगर रेंज के पचरा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे है। जो फिलहाल शांत है इस बीच कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में एक लोनर हाथी की ऐंट्री धरमजयंगढ़ वन मड़ल से हुई है। लोनर कल रात कुदमुरा की सीमा पर प्रवेश किया अब और जंगल के रास्ते जिल्गा पहुंचकर यहां के जंगल में डेरा डाल दिया। हाथी के जिल्गा पहुंचने की सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंचकर उसकी निगरानी में जुट गया है।

## कालोनी का निरीक्षण करेगी दो अलग-अलग टीम

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में वेलफेयर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कालोनी की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा बरसात से पहले कालोनी का निरीक्षण करने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए दो अलग-अलग टीम कालोनी का निरीक्षण करेगी। कोरबा पूर्व में सुभाष राठौर, शैलेंद्र सिंह, एस.मूर्ति, सुनील कैवर्त सहित अन्य सदस्य निरीक्षण करेंगे। जबकि दूसरी टीम में राजेश साहू, वीरभान पटेल, गौतम चटर्जी सहित अन्य सदस्य हैं। ये दोनों टीम कालोनी में अधिकारियों के साथ निरीक्षण करेंगे। इसके बाद एक रिपोर्ट बनाकर प्रबंधन को सौंपा जाएगा। इसी तरह केंद्रीय कर्मशाला की वेलफेयर टीम ने भी कालोनी का निरीक्षण किया है। उनके द्वारा रिपोर्ट बनाकर प्रबंधन को सौंपा जा रहा है। इस टीम में दिनेश साहू, बाबूलाल चंद्रा, एन.के.साव, विपिन कुमार सहित अन्य सदस्य हैं। मानिकपुर वेलफेयर कमेटी के द्वारा भी कालोनी पर नजर बनाए हुए हैं। यहां के मिनीलाल साहू, रामलाल साहू, जय मुखर्जी सहित अन्य सदस्य लगातार अधिकारियों से समस्याओं पर चर्चा कर रहे हैं।

### उड़ रहे धूल को रोकने श्रमिक संगठनों ने ज्ञापन सौंपा

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका परियोजना के सड़क पर कोयले से भरी ट्रक चल रहे हैं। सारा धूल कालोनी में प्रवेश कर रहा है। लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए पांचों श्रमिक संगठनों ने एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा कि सड़क पर पानी का छिड़काव तो किया जा रहा है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। इस दिशा में और गंभीरता के साथ विचार करना होगा।

## सीएम से मिले कटघोरा विधायक पटेल




**कोरबा।** जिले के कटघोरा विधानसभा क्षेत्र विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय से सौजन्य मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए क्षेत्र में विकास की मांग की। इस दौरान प्रमुख रूप से वनवासी कल्याण आश्रम के लोक कला प्रमुख मध्य प्रांत बीरबल सिंह, कल्याण आश्रम के अध्यक्ष रघुराज सिंह, सचिव दीपक सिंह, पुष्पराज सिंह, पाली भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल आदि उपस्थित थे।

### क्लाइमेट चेंज को जानेंगे सदस्य

**कोरबा।** इस वर्ष की गर्मी से हर कोई हलकान है। क्लाइमेट चेंज से संबंधित पहलुओं के बारे में जानकारी हासिल करने युवाओं का एक समूह आज रात अमरकंटक रवाना हो रहा है। अनूप मंडल के नेतृत्व में सदस्य मेकलसुता की वादियों को जानेंगे।

## पत्नी मायके में, पति ने घर पर लगाई फांसी



**कोरबा।** सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम के वार्ड क्रमांक 29 पोड़ीबहार क्षेत्र में रहने वाले एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। अज्ञात कारणों से उसके द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाया गया है। क्षेत्र के लोगों की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया पंचनामा के बाद मृतक का शव फंदे से उतारा गया। प्रकरण में आगे की जांच पुलिस की ओर से की जा रही है।

पोड़ीबहार क्षेत्र में हुई इस घटना में मृतक साहिल मेखले अपने माता पिता से अलग रहा करता था। साल भर पूर्व ही उसका विवाह हुआ था। पत्नी कुछ दिनों से अपने मायके गई हुई थी। उसकी वापसी हो पाती इस बीच पति के द्वारा गत रात्रि को अप्रिय कदम उठा लिया गया। सुबह पड़ोसियों के द्वारा दरवाजा खटखटाने पर जब भीतर से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं मिली, तब उन्हें शक हुआ। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची सिविल लाइन रामपुर थाना की पुलिस ने मकान का दरवाजा तोड़ा। तब देखा गया कि साहिल का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। साहिल द्वारा खुदकुशी किए जाने की सूचना परिजनों को दे दी गई है,जिनके आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सिविल लाइन पुलिस ने मामले को संदिग्ध मौत से जुड़ा हुआ मानते हुए 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है।

## गेवरा में एसी कैंटीन उद्घटित

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट ऑफिस के निकट एसी कैंटीन का उद्घाटन जीएम अशोक कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों के साथ-साथ यूनियन प्रतिनिधि धीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार, हरनारायण केशरवानी, कृपाल जायसवाल, छंदराम राठौर, जीवराखन चंद्रा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। गेवरा प्रोजेक्ट में कैंटीन खोलने की मांग काफी लंबे अरसे से की जा रही थी। इस मामले को कई बार आईआर बैठक में भी उठाया गया था। जिसमें कहा गया था कि एसी लगा हुआ कैंटीन नहीं है। सर्वसुविधायुक्त कैंटीन की आवश्यकता कोयला कामगार काफी लंबे अरसे से महसूस कर रहे हैं। आखिरकार प्रबंधन ने उनकी मांगों को मानते हुए कैंटीन का उद्घाटन कर दिया है।

## पेयजल की दिक्कत

**कोरबा।** पथर्रीपारा में लगा हुआ एक बोर कुछ दिनों से खराब है। बोर में सुधार कार्य किये जाने की मांग युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुभाष राठौर के द्वारा की गई है लेकिन अभी तक सुधार कार्य नहीं होने से नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है। बोर में लगा हुआ वाल्व खराब हो गया है। नागरिकों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में तत्काल बोर में सुधार कार्य किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को आसानी से पानी उपलब्ध हो सके।

# कहीं ढह ना जाए अस्पताल, डर से नहीं आते मरीज

### पचरा पौडी के भवन का बुरा हाल




पचरा उप स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर स्थिति, इनसेट में प्रवेश द्वार।

**कोरबा।** कोरबा जिले में सरकारी स्वास्थ्य केदो की संख्या और संसाधन में बढ़ोतरी का काम लगातार चल रहा है इस प्रकार की कार्य पद्धति से अधिकतम लोगों को चिकित्सा लाभ देना संभव हो रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। पोंडी उपरोड़ा विकास खण्ड के पचरा उपस्वास्थ्य केंद्र का हाल बेहाल है। जर्जर स्थिति में भवन के होने से एक तो कम मरीज यहां पहुंचते हैं और जो आते हैं उन्हें इस बात का डर बना होता है कि पता नहीं कब क्या हो जाए ।

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पिछले वर्षों में ही पचरा में उप स्वास्थ्य केंद्र आरोग्य मंदिर का निर्माण कराया गया और कई संसाधन के साथ सेटअप मंजूर किया गया। उम्मीद थी कि यह सब व्यवस्था होने से अधिकतम लोगों को इस अस्पताल से लाभान्वित करना संभव होगा लेकिन अब ऐसा सोचना गलत साबित हो रहा है। जानकारी में बताया गया है कि अस्पताल भवन का निर्माण गुणवत्ता की दृष्टिकोण से सही नहीं हुआ है। समझौते से रिश्ता कायम होने के कारण अब विपरीत स्थिति यहां पर बनी हुई है। अस्पताल भवन का छज्जा गिर रहा है। साथ ही दीवार पूरी तरह क्रेक हो गई है। हर कोने में इस प्रकार के नजारे सामने आ रहे हैं जिनमे दरारों को साफ देखा जा सकता है । यही कारण है कि इस अस्पताल में उपचार करने के लिए आने से पहले मरीज को काफी स्वच्छ विचार करना पड़ता है कि वह जाएं या कहीं और देखें। आपात स्थिति में यहां संस्थागत प्रसव से संबंधित मामलों को निपटाया जा रहा है। इस दौरान गर्भवती स्त्री के साथ-साथ परिजनों को अंदेशा बना होता है कि पता नहीं कब क्या हो जाए। अस्पताल की जर्जर स्थिति को देखते हुए काफी समय से इसके सुधार के लिए मांग की जाती रही है लेकिन अब तक इस तरफ गंभीरता दिखाने में रुचि नहीं ली गई। मौजूदा स्थिति में इस केंद्र के कर्मचारियों के साथ-साथ मरीज डर के साये में ड्यूटी करने और उपचार करने को मजबूर है।

### कई कार्यक्रम होंगे पर्यावरण दिवस पर

**कोरबा।**रिकार्ड गर्मी और भविष्य की गंभीर चुनौतियों को इस बार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम किये जाएंगे। जिले में प्रशासन के साथ सार्वजनिक उपक्रमों व सामाजिक संगठनों ने योजना बनाई है। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया जाएगा।

ऊं नमः शिवाय
प्लाट बेचना है
टी.पी.नगर कोरबा के बीचोबीच बड़ा प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
-संपर्क करें-
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

# फ्लाई एश उपलब्ध कराने अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ बालको ने किया एमओयू



**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। इसके अंतर्गत बालको अल्ट्राटेक सीमेंट को 75,000 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश की आपूर्ति करेगा, जिसका उपयोग कम कार्बन वाले सीमेंट के उत्पादन में किया जाएगा। कंपनी भारत के कुछ प्रमुख सीमेंट उत्पादकों को उच्च गुणवत्ता वाली फ्लाई ऐश का पसंदीदा आपूर्तिकर्ता बन गया है। इससे सीमेंट उद्योग में फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी।

फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का उप-उत्पाद है जो बालको के एल्यूमिनियम प्लांट की बिजली की जरूरतों को पूरा करने से उत्पादित होता है। इसमें विभिन्न उद्योगों में पुन: उपयोग की महत्वपूर्ण क्षमता है। सीमेंट उद्योग में अपने अंतर्निहित सीमेंटीय गुणों के कारण कच्चे माल के तौर पर इसकी मांग है। इसके उपयोग से पानी की खपत में कमी, बेहतर कार्य क्षमता, बेहतर यांत्रिक गुण और टिकाऊपन आदि शामिल है। इसके साथ औद्योगिक उप-उत्पाद होने के कारण फ्लाई ऐश के उपयोग से सीमेंट लागत तथा ऊर्जा बचत हुई है। सीमेंट निर्माण में फ्लाई ऐश का उपयोग करने से लगभग 700-800 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 4.2 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा और प्रति टन 341 लीटर पानी बचाया जा सकता है।

फ्लाई ऐश का उपयोग सीमेंट के अलावा ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर परियोजनाओं का कार्यान्वयन हुआ जिससे फ्लाई ऐश के उपयोग में वृद्धि हुई है। बालको के बिजली संयंत्र में उच्च गुणवत्ता वाले कोयला इस्तेमाल से कम सल्फर तथा उच्च गुणवत्ता वाली राखड़ होता है जो सीमेंट उत्पादन, ईंट एवं सड़क निर्माण के लिए आदर्श उत्पाद है। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करते हुए 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 150 प्रतिशत राखड़ का उपयोग सुनिश्चित हुआ है। हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम उप-उत्पादों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करके सर्कुलर इकोनॉमी पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे इंडस्ट्री एमओयू से कई लाभ हुए हैं जिसमें सीमेंट निर्माण के गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी, लागत में कमी और सस्टेनेबिलिटी लाभ के साथ ही प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन में भी सहायता मिली है। हमारे वेस्ट टू वेल्थ पहल का उद्देश्य वैल्यू चैन को विकसित करना है जो हमारे उप-उत्पादों को अन्य उद्योगों के लिए मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित करते हैं। यह समझौता हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रवीण कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक (आरएम और ईंधन पूर्वी क्लस्टर) ने एमओयू पर खुशी जाहिर करते हुए इससे होने वाले पारस्परिक लाभों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि बालको के साथ एमओयू सस्टेनेबल प्रैक्टिस के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग न केवल उत्पाद की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि हमारे सस्टेनेबिलिटी प्रयासों के प्रति कंपनी की कटिबद्धता को भी दर्शाता है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com